जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी, गुरुवार 3 अगस्त, 2023

भारत की पहली मशीन

# NHBH

NIMS HEART & BRAIN HOSPITAL
(A UNIT OF NIMS UNIVERSITY)

राजस्थान की पहली मशीन

## क्यों जरुरी है अपने HEART की जाँच करवाना ?


- आप नियमित रुप से अपना ब्लड शुगर, ब्लड कॉलेस्ट्राल की जॉच इसलिए करवाते हैं जिससे कि अन्य बीमारियों के अलावा हार्ट और ब्रेन ( दिमाग ) की नसों की जानकारी भी मिल जाये क्योंकि इन नसों में कोलेस्ट्राल एवं थक्का जमा हो जाता है जिससे नसें संकरी ( नसों का ल्यूमन कम हो जाता है ) हो जाती है। ल्यूमन कम होने से हॉर्ट अटैक बीमारी की संभावना बढ़ जाती है।
- ब्लड प्रेशर की जाँच नियमित रुप से इसलिए करवाना आवश्यक क्योंकि हाई Undiagnosed High Blood Pressure से अन्य बीमारियों के अलावा मस्तिष्क की नसें भी फट जाती है और लकवा होने की संभावना भी हो जाती है
- बहुत सी बड़ी कॉर्पोरेट कम्पनियाँ अपने कर्मचारियों का यह बॉडी चेकअप नियमित रुप से करवाती रहती हैं
- मेडिकल साइंस द्वारा भी ऐसी सलाह समाज के सभी व्यक्ति विशेष को दी जाती है कि इस तरह की जाँचे नियमित रुप से करवाते रहें जिससे कि हॉर्ट अटैक और ब्रेन की बीमारियों व अन्य बीमारियों का पहले से पता करके उचित समय पर इलाज किया जा सके।
- विदेशों मे भी हर व्यक्ति अपनी जाँचें नियमित रुप से करवाते रहते हैं।
- 40 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों के लिए यह चेकअप की सलाह अक्सर दी जाती है।
- हार्ट अटैक और ब्रेन में नसें फटने की जानकारी पहले से ही पता करके इनका इलाज करवा कर इस बीमारी को रोका जा सकता है।
- **आपने देखा-सुना होगा कि कोरोना होने के बाद आकस्मिक मृत्यु की दर बढ़ गयी है। इसके कई कारण है, जिसमें कुछ कारण निम्नलिखित भी है:**

Thromboembolic Phenomina (नसों में खून का थक्का जमा होना ) से Blood Vessels ( नसें ) संकरी (Narrow Lumen) हो जाती है और कभी-कभी इनमें रक्त प्रवाह अचानक बंद हो जाता है। यदि हॉर्ट की नसों में ऐसा हो जाता है तो हार्ट अटैक हो जाता है और अगर ब्रेन (दिमाग) की नसों में ऐसा हो जाएगा तो यह ब्लड (खून) के प्रवाह को रोक देगा जिससे ब्रेन की नस फट जाएगी और मनुष्य को लकवा होने की संभावना हो जाती है।


### उपर बतायी गयी जाँचे अप्रत्यक्ष (Indirect) तरीके से पता लगाने के लिए है:

### अपनी हॉर्ट एवं ब्रेन की नसों एवं अन्य जानकारी को प्रत्यक्ष (Direct) रुप से पता लगाने के लिए हम हैं NHBH-

- आपके हार्ट की नसों की जॉच बिना चीर-फाड़, बिना ऑपरेशन, बिना बेहोश किये, बिना तार डाले (Conventional angiography) के बिना **केवल 5 मिनट में** करवाकर तुरन्त ही अपने हार्ट/दिमाग (ब्रेन) की रिपोर्ट ले जाकर, अपनी ड्यूटी या सामान्य जीवन की सभी एक्टीविटी सहज (Normal) रुप से कर सकते है।
- यदि आपको पहले से हार्ट मे स्टंट ( छल्ला ) लगा है या एंजियोपलास्टी ( बाईपास सर्जरी ) हुई है तो अब हार्ट का स्टंट/एंजियोपलास्टी के बाद आपकी हार्ट की नसों की पेटेंसी की क्या स्थिति है। **केवल 5 मिनट में** - बिना चीर-फाड़, बिना आपरेशन, बिना बेहोश किये बिना तार डाले- अपने हार्ट का हाल **5 मिनट में** करवाके एवं रिपोर्ट लेकर अपनी ड्यूटी / सामान्य जीवन के सभी एक्टीविटी सहज (Normal) रुप से कर सकते हैं।




फेफड़े की भी जाँच करायें




## Calcium Scoring:


- यह एक विशेष (Technique) तकनीक है, इसके द्वारा कोई भी व्यक्ति 20 वर्ष की उम्र से लेकर किसी भी उम्र तक **केवल 1 मिनट में** जान सकता है कि उसकी हृदय की धमनियाँ ( खून की नलियाँ ) में कितना हानिकारक कैल्शियम जमा हो रहा है - जिससे कि उसे **हार्ट अटैक कि कितनी और कब तक होने की सम्भावना है,** का पता चल सकता है। यह तकनीक **बिना चीर-फाड़, बिना ऑपरेशन, बिना बेहोश किए एवं बिना कोई बॉडी में दवा डाले या बिना दवा खिलाये** की जाती है एवं इस जाँच को करवाने के तुरंत 5 मिनट बाद अपनी रिपोर्ट लेकर अपनी ड्यूटी व जीवन की सारी एक्टीविटी सामान्य (Normal) रुप से कर सकता है।

### उच्च श्रेणी एवं गुणवत्ता की Siemens Germany की टेक्नोलोजी








### ड्यूल सोर्स-ड्यूल एनर्जी 384 स्लाइस सीटी

( राजस्थान में पहली )

### क्यू-जेन-डी.एस.ए. एवं कैथ लेब

( भारत की पहली )

### विश्वविख्यात एडवांस्ड 3-टी एम.आर.आई. सिस्टम*

## एम्स-नई दिल्ली एवं पी.जी.आई. - चंडीगढ़ के विशेषज्ञों द्वारा संचालित



**प्रो. (डॉ.) संजीव शर्मा**
MBBS, MD (Radio Diagnosis)
पूर्व प्रोफेसर, हैड-कॉर्डियोवास्कुलर इमेजिंग विभाग एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली (AIIMS, New Delhi)
प्रो-चांसलर एवं निदेशक -इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग, निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**प्रो. (डॉ.) संदीप मिश्रा**
M.B.B.S., MD, DM (Cardiology)
पूर्व प्रोफेसर - कॉर्डियोलोजी विभाग अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली (AIIMS, New Delhi)
वाइस चांसलर एवं निदेशक -कॉर्डियोलोजी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**प्रो. (डॉ.) एन. खण्डेलवाल**
MBBS, MD (Radio Diagnosis)
पूर्व प्रोफेसर, हैड-रेडियो डायग्नोसिस विभाग स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान शिक्षा एवं अनुसंधान, चंडीगढ़ (PGIMER, Chandigarh)
निदेशक-रेडियो डायग्नोसिस विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**प्रो. (डॉ.) उज्ज्वल चौधरी**
MBBS, MS, M.Ch (CTVS)
पूर्व प्रोफेसर, हैड-सीटीवीएस विभाग अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली (AIIMS, New Delhi)
निदेशक-कॉर्डियक सर्जरी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**डॉ. कमलेश चौधरी**
MBBS, MD, DM (Neurology)
पूर्व सीनियर रेजीडेंट न्यूरोलोजी विभाग एस.एम.एस. अस्पताल-जयपुर
सह-आचार्य न्यूरोलोजी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**डॉ. संदीप मुदगिल**
MBBS, MD, DM (Interventional Radiology)
पूर्व सहायक प्रोफेसर स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान शिक्षा एवं अनुसंधान, चंडीगढ़ (PGIMER, Chandigarh)
सहा. प्रोफेसर -इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**डॉ. मनीष शॉ**
MBBS, MD, DM (Interventional Radiology)
पूर्व सहायक प्रोफेसर कॉर्डियोवास्कुलर इमेजिंग विभाग अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली (AIIMS, New Delhi)
सहा. प्रोफेसर -इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**डॉ. अमितेश नागरवाल**
M.B.B.S., MD, DM (Cardiology)
पूर्व सीनियर रेजीडेन्ट कॉर्डियोलोजी विभाग-जी.बी. पंत हॉस्पिटल नई दिल्ली (G.B. Pant, New Delhi)
सहा. प्रोफेसर-कॉर्डियोलोजी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**डॉ. नरेन्द्र बैरवा**
M.B.B.S., MD, DNB (Cardiology)
पूर्व सीनियर रेजीडेन्ट कॉर्डियोलोजी विभाग एस.डी.एम.एच., जयपुर (Jaipur)
सहा. प्रोफेसर-कॉर्डियोलोजी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**डॉ. आशाराम पांडा**
M.B.B.S., MD, DM (Cardiology)
पूर्व सीनियर रेजीडेन्ट कॉर्डियोलोजी विभाग एम्स, नई दिल्ली (AIIMS, New Delhi)
सहा. प्रोफेसर-कॉर्डियोलोजी विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर



**डॉ. अविनाश मुंशी**
MD FRCR (London)
पूर्व सीनियर न्यूरोरेडियोलोजी न्यूरोरेडियोलोजी विभाग एम्स, नई दिल्ली (AIIMS, New Delhi)
पूर्व सीनियर टी.एम.एच., मुंबई (Mumbai)
प्रोफेसर-रेडियोडायग्नोसिस विभाग निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान, जयपुर

*coming soon

प्रतिदिन ओपीडी एवं 24x7 आपातकालीन सेवाएं | पता: बी-28, 29, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, जयपुर -302004 | सम्पर्क करें:-TOLL FREE: 1800 890 4000, 9116010477

## विचार बिन्दु

हर चीज़ की कीमत व्यक्ति की जेब और ज़रूरत के अनुसार होती है और शायद उसी के अनुसार वह अच्छी या बुरी होती है। –संतोष गोयल

# प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा आवश्यक

प्रकृति का संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार है। मनुष्य जन्म से ही प्रकृति और पर्यावरण के सम्पर्क में आ जाता है। प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा अति आवश्यक है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रजाति के जीव जंतु, वनस्पतियां और पेड़-पौधे विलुप्त हो रहे हैं जो प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत ही भयावह है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। विभिन्न प्राकृतिक संसाधन जैसे कि जल, वन्यजीवन, वन, खेती, वायु आदि हमारी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी सांसें जल से भरी हुई हैं और हमारी खाद्य आपूर्ति भी खेती द्वारा उत्पन्न होती है। इसलिए, हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की जरूरत है ताकि हम समृद्धि और सुख-शांति के साथ जीवन जी सकें।

प्रकृति के संरक्षण का अर्थ है कि वनों, भूमि, जल निकायों का संरक्षण और खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों आदि जैसे संसाधनों का संरक्षण, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये सभी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहें। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो आसानी से किए जा सकते हैं और एक बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। प्रकृति के संरक्षण से अभिप्राय जंगलों, भूमि, जल निकायों की सुरक्षा से है तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों जैसे संसाधनों की सुरक्षा से है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ये सब प्रचुर मात्रा में मनुष्य के उपयोग के लिए उपलब्ध रहें।

ऐसे कई तरीके हैं जिससे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। यहां कुछ ऐसे ही तरीकों का विस्तृत वर्णन किया गया है जिससे मानव जीवन को बड़ा लाभ हो सकता है।

पृथ्वी के पास हर इंसान की जरूरत पूरी करने के लिए काफी कुछ है, लेकिन उसके लालच को पूरा करने के लिए नहीं हैं। पृथ्वी पर पानी, हवा, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, पौधे आदि हर किस्म की जरूरत के लिए संसाधन है। लेकिन औद्योगिक विकास की होड़ में हम पृथ्वी को सफाई और उसके ही स्वास्थ्य को नजरअंदाज करने लगे हैं। हम कुछ भी करने से पहले यह बिलकुल नहीं सोचते कि हमारी उस गतिविधि से प्रकृति को कितना नकुसान होगा। प्रकृति का संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सबंधित है। इनमें मुख्यतः पानी, धूप, वातावरण, खनिज, भूमि, वनस्पति और जानवर शामिल हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं।

**प्रकृति से हमारा तात्पर्य जल, जंगल और जमीन से है। हम लगातार प्रकृति का दोहन करते जा रहे हैं जिससे मानव जीवन संकट में पड़ गया है। जल, जंगल और जमीन के बिना प्रकृति अधूरी है। जल को व्यर्थ में बहा रहे हैं जंगलों को काट रहे हैं और जमीन पर जहरीले कीटनाशक का उपयोग करके उसकी उर्वरक क्षमता और उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं।**

प्रकृति से हमारा तात्पर्य जल, जंगल और जमीन से है। हम लगातार प्रकृति का दोहन करते जा रहे हैं जिससे मानव जीवन संकट में पड़ गया है। जल, जंगल और जमीन के बिना प्रकृति अधूरी है। जल को व्यर्थ में बहा रहे हैं जंगलों को काट रहे हैं और जमीन पर जहरीले कीटनाशक का उपयोग करके उसकी उर्वरक क्षमता और उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। हम एक अर्से से प्रकृति दिवस मना रहे हैं और लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रकृति पर मंडराता खतरा जस का तस बना हुआ है। सबसे बड़ा खतरा तो इसे ग्लोबल वार्मिंग से है। धरती के तापमान में लगातार बढ़ते स्तर को ग्लोबल वार्मिंग कहते है। वर्तमान में ये पूरे विश्व के समक्ष बड़ी समस्या के रुप में उभर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि धरती के वातावरण के गर्म होने का मुख्य कारण का ठीनहाउस गैसों के स्तर में वृद्धि है। इसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे प्रकृति पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। कहते है प्रकृति संरक्षित होगी तो मानव जीवन भी सुरक्षित होगा। प्रकृति हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना हमारा कत्तर्व्य है। प्रकृति ने हमें जीव जंतुओं सहित सूर्य, चाँद, हवा, जल, धरती, नदियां, पहाड़, हरे-भरे वन और खनिज सम्पदा धरोहर के रूप में दी हैं। मनुष्य अपने निहित स्वार्थ के कारण प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है। बढ़ती आबादी की समस्या के लिए आवास समस्या को हल करने के लिए हरे-भरे जंगलों को काट कर ऊंची-ऊंची इमारतें बनाई जा रही हैं। वृक्षों के कटने से वातावरण का संतुलन बिगड़ गया है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व के सामने भयंकर रूप से खड़ी है। खनिज-सम्पदा का अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है। जीव-जंतुओं का संहार किया जा रहा है, जिसके कारण अनेक दुर्लभ प्रजातियां लुप्त होती जा रही हैं।

हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम पृथ्वी और उसके वातावरण को बचाने का प्रयास करेंगे। हम पर्यावरण के प्रति न सिर्फ जागरूक हो बल्कि उसके लिए कुछ करें भी। प्रकृति को संकट से बचाने के लिए स्वयं अपनी ओर से हमें शुरूआत करनी चाहिए। पानी को नष्ट होने से बचाना चाहिए। वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। अपने परिवेश को साफ-स्वच्छ रखना चाहिए। प्रकृति के सभी तत्वों को संरक्षण देने का संकल्प लेना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 3 अगस्त, 2023



पंडित अनिल शर्मा

द्वि. सावन मास (अधिक), कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, धनिष्ठा नक्षत्र प्रातः 9:56 तक, सौभाग्य योग दिन 10:17 तक, तैतिल करण प्रातः 6:11 तक, चन्द्रमा कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-सिंह, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज भद्रा रात्रि 2:31 से शुक्रवार दिन 12:45 तक है। आज पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:35 तक, चर 10:54 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 12:33 से 3:52 तक, शुभ 5:31 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:56, सूर्यास्त 7:10



### मेष
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।




### सिंह
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### धनु
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




### वृष
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




### कन्या
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।



### मकर
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।




### मिथुन
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### तुला
नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।




### कुंभ
व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित सम्पर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



### कर्क
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। मानसिक तनाव बना रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।



### वृश्चिक
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन योजना का क्रियान्वयन होगा।



### मीन
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

# सागर और मनुष्य के रिश्ते को जागृत करने का समय आ गया है



डॉ. रामावतार शर्मा

डॉक्टर किलापर्ती रामकृष्णा उम्मीद और नाउम्मीदी के बीच झूलते रहते हैं क्योंकि वे एक भावुक पर्यावरण विद्वान हैं और समुद्रों से बहुत प्यार करते हैं। अमेरिका की वुड्स होल ओसेनोग्राफिक इंस्टीट्यूट में पर्यावरण और समुद्री मामलों के वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर रामकृष्णा के अनुसार दुनिया के कई देशों ने हाल ही में नीली अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ योजनाएं घोषित की हैं जिनसे समुद्र के इकोसिस्टम को बचाते हुए सागर के संसाधनों का मानव हित में उपयोग होगा।

इस तरह की योजनाओं के तहत समुद्री जहाज निर्माताओं को कम कार्बन विसर्जित करने वाले जहाज बनाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा, सागर के तटीय पेड़ और झाड़ियां जिन्हे मैनठाोव कहा जाता है उनको सुरक्षित और विकसित किया जाएगा। साथ में सागर में समाहित होने वाली नदियों के डेल्टा को भी बचा कर रखा जायेगा। सागर में प्लास्टिक और अन्य प्रदूषण को सख्ती से नियंत्रित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाना होगा। इस योजना के तहत नॉर्वे और अमेरिका ने ठीन शिपिंग चैलेंज नाम से एक प्रोत्साहन योजना भी प्रारंभ की है। सिंगापुर भी इस दिशा में प्रयासरत हो रहा है। इन सब प्रयासों में डॉक्टर रामकृष्णा उम्मीद की किरण देख पाते हैं।

पर वे इस बात से निराश हैं कि इन सारी योजनाओं में समुद्र के अम्लीकरण पर कोई बड़ी बातचीत नहीं हो रही है। हमें ध्यान में रखना चाहिए कि पृथ्वी की सतह का 70 प्रतिशत हिस्सा समुद्र है। मनुष्य द्वारा पैदा की गई कार्बन डाइऑक्साइड के 30 प्रतिशत हिस्से को समुद्र एक विशाल स्पंज की तरह सोख लेता है जिसके कारण धरती के जीव सांस ले सकते हैं। उदाहरण के तौर पर 1992-2018 के बीच हमारे सागरों ने 6700 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड को अपने अंदर सोख कर हमारे वायुमंडल को शुद्ध किया है। परंतु तीव्र मानवीय विकास के कारण

मैनग्रोव, समुद्री घास, रीफ और निकटस्थ जंगल आदि का सफाया होने से सागर के पानी का पीएच कम होता जा रहा है जिसके फलस्वरूप हमारे समुद्र अम्लीय (एसिडिक) होते जा रहे हैं।

ऐसा होने से यहां पर ऑक्सीजन कम होती जा रही है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि हमारे वातावरण की 25 प्रतिशत ऑक्सीजन भी समुद्रों से आती है। बढ़ते वैश्विक तापमान से समुद्री घास और कई जीव भी विलुप्ति की तरफ जा रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो दुनिया के लाखों लोगों के लिए आजीविका का एकमात्र स्त्रोत नष्ट हो जायेगा।

मनुष्य की गतिविधियां प्रथम औद्योगिक क्रांति के समय के तापमान की तुलना में धरती के तापमान को 1.5 डिठाी सेल्सियस से ज्यादा बढ़ाने के कगार पर हैं। ऐसा होने से इतनी अधिक कार्बन डाइऑक्साइड पैदा होगी जिसको समुद्र का पानी तेजी से अपने में समाहित नहीं कर पाएगा। सागर अम्लीय हो जायेंगे और वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाने से धरती का जीवन खतरे में आ जायेगा।

ऐसी स्थिति को बचाने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर एमिली पिड्जन चेतावनी देती रहती हैं। उनके अनुसार ; यदि समुद्र का इकोसिस्टम दूषित या फिर नष्ट हो गया तो नीला कार्बन भंडार (समुद्र के पानी द्वारा बांधी गैस) कार्बन डाइऑक्साइड के रूप में वातावरण में फैल जायेगा जिसके कारण धरती के पर्यावरण में बड़े परिवर्तन आयेंगे।

नवंबर 2022 में सिंगापुर स्थित एजेंसी क्लाइमेट इंपैक्ट (सीआइएक्स) ने अपनी पहली कार्बन क्रेडिट नीलामी लगाई। इसमें पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित 350,000 हैक्टेयर मैनठाोव को पुनर्स्थापित करना है। इस योजना को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोला गया है। सीआईएक्स प्रमुख मिक्की लार्सन का कहना है कि ;सागर तट के प्राकृतिक स्वरूप को बचाना सिर्फ वातावरण परिवर्तन तक ही सीमित नहीं है बल्कि यहां पर रहने वाले लोगों की आजीविका और प्रकृति की जैविक विविधता की रक्षा भी बहुत महत्वपूर्ण है।; मैनग्रोव वन के विनाश के कारण समुद्र का पानी कभी भी निकट के कस्बों को निगल सकता है। स्थानीय लोगों के सहयोग और उनकी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के बिना कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती।


लोगों के स्वास्थ्य, रोजगार और उनके बच्चों की शिक्षा के लिए विश्वस्तरीय प्रयास होने चाहिएं वरना मनुष्य नामक जीव अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए पर्यावरण को कितना ही नुकसान पहुंचा सकता है। विश्व के राजनीतिक नेतृत्व से पर्यावरणविदों को ज्यादा उम्मीद नहीं है। अधिकतर बड़े देशों के नेता अपना सारा समय चुनावों में लगाते नजर आ रहे हैं और छोटे देशों में अक्सर तख्तापलट चलता रहता है। ऐसे में व्यापक जनचेतना ही उम्मीद की किरण बन सकती है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# शुभम ने विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया

**जयपुर।** हाल ही में द रिपब्लिक ऑफ बुल्गारिया की उप राष्ट्रपति, इलियाना योतोवा, द्वारा सोफ़िया बाल्कन पैलेस के रॉयल हॉल में शुभम मानव मिश्र को ''वाइस प्रेसीडेन्टल हुमेनिटेरियन अचीवमैंट अवॉर्ड'' देने के लिए आमंत्रित किया गया। शुभम को ये अवार्ड उनके अभिनय, फिल्म निर्माण एवं दृश्य कलात्मकता के माध्यम से मानवता के प्रति विशिष्ट सेवा एवं मानवीय कार्यों में असाधारण योगदान के लिए प्रमाण पत्र में बुल्गारिया देश के कोट ए आर्म एवं आधिकारिक मुहर के साथ दिया गया है। ग़ौरतलब है कि उनकी सभी फ़िल्में एवं आर्ट वर्क्स को अद्भुत बताकर सराहा गया है एवं यूरोपीय देशों में प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही अमेरिका के न्यू यॉर्क शहर में आयोजित स्टूडेंट वर्ल्ड इम्पैक्ट फ़िल्म फ़ेस्टिवल में शुभम की फ़िल्म '' ए मिटिंग विथ चाइल्डहुड'' को 120 देशों से आयीं 13,868 फ़िल्मों में सर्वश्रेष्ठ मानते हुए सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म अवार्ड से सम्मानित किया गया। जुरीज़ ने कहा कि शुभम की फ़िल्म प्रेरणादायी एवं सम्वेदनात्मक है और इस फ़िल्म का डाईरेक्शन अद्भुत है।

यह फिल्म शिक्षा और इसके उद्देश्य को समझने की आवश्यकता पर केंद्रित है । फ़िल्म फ़ेस्टिवल स्टूडेंट्स एंड एजुकेशन की थीम पर बेस्ड था। इंटरनैशनल ओलम्पिक कमिटी, फ्रेंच नैशनल ओलम्पिक एंड स्पोर्ट्स कमिटी एवं द इंटरनैशनल फ़ेडरेशन ओफ़ स्पोर्ट्स सिनेमा द्वारा फ्रान्स के आल्प्स-मेरीटाइम्स में आयोजित



शुभम मानव मिश्र

स्पोर्ट्स फ़िल्म फ़ेस्टिवल-2023 में भी शुभम की फ़िल्म, ''मैसी : दि गॉड ऑफ फुटबाल'', जो कि फ़ुट्बॉल के महानतम खिलाड़ी लिओनल मैसी के जीवन पर आधारित है, को विश्व की दस श्रेष्ठ स्पोर्ट्स फ़िल्म में शामिल किया गया है। इस फ़िल्म को शुभम ने मैसी की मातृभाषा स्पैनिश में बनाया है। जुरीज़ ने फ़िल्म को सराहते हुए कहा है कि ये फ़िल्म जीवन में खेलों के महत्व को समझाती है और समाज में खेलों से जुड़े मूल्यों एवं उनकी संस्कृति के प्रसार में अमूल्य योगदान है । ओलम्पिक कमिटी द्वारा शुभम को पेरिस समर ओलम्पिक 2024 के लिए आधिकारिक रूप से आमंत्रित किया गया है।

शुभम को ''सर्टिफिकेट ऑफ आफिसियल सलैक्सन'' का अवॉर्ड भी दिया गया है एवं उनकी फ़िल्म ओलम्पिक खेलों के दौरान दिखाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि शुभम पहले भारतीय अभिनेता एवं फ़िल्ममेकर हैं, जिन्हें ओलम्पिक कमिटी द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए अवॉर्ड देकर सम्मानित किया है।

इसके अतिरिक्त पूर्व में शुभम को कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवार्डस मिल चुके हैं। इसी साल जनवरी में उन्हें लक्ज़म्बर्ग से ''सर्टिफिकेट ऑफ आर्टिस्ट मैरिट'' उनके कला क्षेत्र में अद्भुत योगदान के लिए नौ भाषाओं में दिया गया है। उनकी फ़िल्म 'ए डे एट माई फेवरेट प्लेस'' को स्वीडन के अलावा पुणे फ़िल्म फ़ेस्टिवल में भी बेस्ट फ़िल्म से पुरस्कृत किया गया है । शुभम की फ़िल्म कांस वर्ल्ड फ़िल्म फ़ेस्टिवल में सेमी फ़ाइनलिस्ट भी रही। केरल फ़िल्म फ़ेस्टिवल में भी उनकी फ़िल्म नेचर केन बी क्रुल को पिछले महीने प्रदर्शित किया गया है।

# नीमकाथाना से कोटपूतली के लिए रोडवेज बस नहीं होने से यात्री परेशान

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना से कोटपूतली जाने के लिए सांय 4:30 बाद से कोई लोकल रोडवेज बस सेवा नहीं होने से बडिया मोड़, भराला, रायपुर मोड, गुसाई का मठ, डोकण, न्योराणा मोड, मेहरो की ढाणी, पाटन, राजपुरा, पातुवाला, बल्लुपुरा, नहर स्टैंड, छाजा की नांगल, हसामपुर आदि गांव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

डेली अप-डाउन करने वाले लोगों ने बताया कि नीमकाथाना बस स्टैंड पर सैकड़ों लोग बस की इंतजार में खड़े रहते हैं, परंतु लोकल रोडवेज बस नहीं होने से मजदूर लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर प्राइवेट वाहनों में ऊपर नीचे बैठ कर आना पड़ता है। इसको लेकर लोगों ने नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी को ज्ञापन दिया है।

- **शाम को बस नहीं होने से मजदूर लोगों को जान जोखिम में डालकर प्राइवेट वाहनों में ऊपर नीचे बैठकर आना पड़ता है**
- **समस्या को लेकर लोगों ने नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी को ज्ञापन दिया**

ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि नीमकाथाना से कोटपूतली के लिए साढ़े चार बजे से 7 बजे के बीच में लोकल रोडवेज बस शुरू करवा दी जाती है तो लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी तथा मजदूरी करने वाले लोग समय पर अपने घर पर पहुंच सकते हैं। पहले यह सेवा सुचारू रूप से शुरू थी परंतु अब इस सेवा को बंद कर दिया गया है।

जिसके चलते यात्रियों को साधन के अभाव में काफी समय के लिए खड़ा रहना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में ओम प्रकाश सैनी, मुरारी सैनी ,मुकेश यादव, प्रकाश, अंकुश, मनोज सैनी, सुभाष जांगिड़, राजेंद्र, मोहम्मद नफीस, सुरेंद्र, सुभाष सिंह, चिराग आदि शामिल रहे।

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पाटन,** (निसं)। स्टेट हाईवे 37 सी पाटन-डाबला-गांवली हाईवे सड़क पर इन दिनों चेजा पत्थर, क्रेशर गिट्टी, सिलिका सैंड से भरे हुए ओवरलोड वाहन चल रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इन ओवरलोड वाहनों से सड़कों पर रोड़ी, पत्थर गिरते रहते हैं जिससे आमजन भय के साए में जीने को मजबूर है।

दूसरी ओर ओवरलोड वाहन बहुत तेज गति से चलते हैं तथा आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है जिसको लेकर ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

हेम सिंह किशोरपुरा ने बताया कि कभी-कभी तो ओवरलोड वाहन मकानों में एवं खेतों में घुस जाते हैं जिस कारण बड़ी दुर्घटनाएं होने से बच जाती है।

- **इन ओवरलोड वाहनों से सड़कों पर रोड़ी, पत्थर गिरते रहते हैं जिससे आमजन भय के साए में जीने को मजबूर है।**

समय रहते अगर इन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो इस रोड पर गंभीर घटनाएं घट सकती हैं। ज्ञापन देने वालों में धर्मेंद्र सिंह, अंकित, विक्रम, रवि, भारत आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने ''धर्म स्तूप'' को ''धर्मसपुत'' और ''चूरू'' को ''चुरु'' लिखवाया!

## लोगों ने कहा कि चूरू की पुलिस को छोटी-छोटी बातों की ओर भी ध्यान देना चाहिए

**चूरू,** (कासं)। चूरू रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य सड़क पर स्थित धर्म स्तूप पुलिस चौकी के दरवाजे के ऊपर लगा बोर्ड अशुद्धियों से भरा हुआ है। यहां खुद पुलिस अधीक्षक को अवगत करवा देने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इससे राजस्थान पुलिस हास्य का पात्र बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार यहां 'धर्म स्तूप' को बड़े-बड़े अक्षरों में 'धर्मसपुत' लिखा हुआ है। इसी प्रकार 'चूरू' को 'चुरु' लिखवा रखा है।

- **खुद पुलिस अधीक्षक को अवगत करवा देने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया**
- **गलत शब्द लिखे होने से लोगों के लिए पुलिस हास्य का पात्र बनी हुई है**

यहां इस चौकी में मौजूद प्रहलाद नामक सिपाही ने बताया कि वह तो एक सिपाही है। इस संबंध में एसपी को बता दिया था, लेकिन बोर्ड को सही नहीं करवाया गया है। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर उच्च अधिकारियों को बता देंगे। कुल मिलाकर गलत शब्द लिखे होने से लोगों के लिए पुलिस हास्य का पात्र बनी हुई है। लोगों ने कहा कि भूमाफिया, सटोरियों आदि के खिलाफ तो चूरू की पुलिस कोई कदम नहीं उठाती है, ऐसी छोटी-छोटी बातों की ओर तो ध्यान देना चाहिए। यहां पुलिस ने 'धर्म स्तूप' का नाम बदलकर 'धर्मसपुत' कर दिया है, जिसका कोई अर्थ नहीं है।




चूरू रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य सड़क पर स्थित धर्म स्तूप पुलिस चौकी के दरवाजे के ऊपर लगा बोर्ड अशुद्धियों से भरा हुआ है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 15 संख्याः 273 प्रभात हिण्डौन सिटी, गुरुवार 3 अगस्त, 2023 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



*एमेज़ॉन रिवर डॉलफिन्स मुख्यतः ब्राज़ील, बोलीविया, कोलम्बिया, इक्वडोर, पेरु और वैनेज़ुएला में पाई जाती हैं। गुलाबी रंग के ये स्तनपायी जीव आई. यू. सी. एन. (इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर) की ''एन्डेन्जर्ड'' लिस्ट में अधिसूचित हैं। आई. यू. सी. एन. के अनुसार आवास विनाश, फिशिंग, बायकैच और इरादतन हत्या इनके लिए मुख्य खतरे हैं पर अब इस लिस्ट में बांध निर्माण और ''ड्रैजिंग,'' अर्थात नदी के तल से मिट्टी का दोहन, भी जुड़ गया है। एक्सटर युनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं और पेरु के संरक्षण संगठन ''प्रो डैलफिनस'' ने पेरु के एमेज़ॉन क्षेत्र में सैटलाइट टैग के जरिए 8 डॉलफिन्स को ट्रैक किया। वे जानना चाहते थे कि, फिशिंग, बांध निर्माण तथा ड्रैजिंग से डॉलफिन्स किस कदर प्रभावित हो रही हैं। शोधकर्ताओं ने लिखा है कि, बांध निर्माण, खासकर ब्राजील में, एक अप्रत्याशित खतरा है। यहां 125 बांध निर्माणधीन हैं और अगले 30 सालों में 428 बांध और बनाए जाने हैं। शोधकर्ताओं ने लिखा कि, एक बड़े प्रोजैक्ट, एमेज़ॉन वॉटर वेज़, को स्वीकृति दे दी गई है। इस प्रस्तावित वॉटर वेज़ प्रोजैक्ट में एमेज़ॉन बेसिन की चार मुख्य नदियों से ड्रैजिंग की जाएगी और जहाजों के आवागमन के लिए बंदरगाहों का विस्तार किया जाएगा। शोध में पाया गया कि, समीपस्थ प्रस्तावित बांध से ये डॉलफिन्स औसतन 150 मील और समीपस्थ ड्रैजिंग साइट से 77 मील दूर रहती हैं। हालांकि, यह दूरी सुनने में सुरक्षित लग सकती है पर डॉलफिन्स की आवास रेंज 30 मील तक फैली होती है इसलिए बांध निर्माण व ड्रैजिंग से इनके आवास पर प्रभाव पड़ सकता है। जर्नल, ऑरिक्स में छपे इस शोध में शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि, बांधों व एमेज़ॉन वॉटर वेज़ के निर्माण से इन नदियों में पाई जाने वाली सभी प्रजातियों को खतरा है।*

# मोदी सरकार ओ.बी.सी. जातियों के ''सब कैटिगराइज़ेशन'' की प्रक्रिया शुरू करेगी?

## जस्टिस पी. रोहिणी कमिशन की रिपोर्ट आने के बाद ओ.बी.सी. के सब कैटिगराइज़ेशन की संभावना प्रबल हो रही है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। भाजपा को इस बात से बहुत बड़ा धक्का लगा है कि, पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को वे सारी याचनाएं खारिज कर दीं, जो नीतीश कुमार सरकार द्वारा जातिगत सर्वे करने की पहल के खिलाफ दायर की गई थीं। अब केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने 2024 के चुनावों से पहले देश के जातीय समीकरणों को बारीकी से देखना शुरू कर दिया है।

जहां इस बात की संभावना है कि बिहार सरकार उस जातिगत सर्वे को फिर से शुरू कर देगी, जो मई में उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद रोक दिया गया था, वहीं ऐसी अपेक्षा है कि ओ.बी.सी. जातियों के उप ''सब कैटेगराइजेशन'' पर जस्टिस जी. रोहिणी कमीशन की रिपोर्ट के अंतिम रूप में आने के बाद, केन्द्र सरकार भी सक्रिय हो जायेगी तथा समानान्तर गतिविधि शुरू कर देगी।

ज्ञातव्य है कि जस्टिस जी. रोहिणी आयोग को यह काम सौंपा गया था कि वह ओ.बी.सी. जातियों में आरक्षण के लाभों के असमान विवरण की सीमा की जांच करे। बताया जाता है कि आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। छः साल पहले गठित किये गये इस आयोग ने कार्यावधि में 13 बार वृद्धि किये जाने के बाद, अन्ततोगत्वा अपना काम पूरा कर लिया है।

- **भाजपा को आशंका है कि, सपा, आर.जे.डी. व नीतीश कुमार की जद (यू) जैसी पार्टियाँ जातिगत सर्वे के आधार पर लोकसभा चुनाव से पहले मंडलीकरण की राजनीति और तेज कर देंगी।**
- **मोदी सरकार का प्रयास ओ.बी.सी. वर्ग की अति पिछड़ी जातियों तक यह संदेश पहुंचाना है कि, ओ.बी.सी. आरक्षण का बड़ा भाग प्रभुत्व सम्पन्न पिछड़ी जातियों को मिल रहा है और अति पिछड़ी जातियाँ इससे वंचित हो रही हैं।**
- **गौरतलब है कि, नीतीश कुमार की जात आधारित जनगणना के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं पटना हाई कोर्ट ने खारिज कर दी हैं और अब नीतीश जात आधारित सर्वेक्षण की प्रक्रिया पुनः शुरू कर सकते हैं।**

समझा जाता है कि इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट में ओ.बी.सी. के अंदर सब कैटेगराइजेशन के लिये वैज्ञानिक आधार पर मानदण्डों (क्राइटेरिया, नॉर्म्स एण्ड पैरामीटर्स) की अनुशंसा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा को ओ.बी.सी. का ठोस समर्थन हासिल हुआ है और इस समर्थन का एक बड़ा कारण पार्टी की वे नीतियां रही हैं, जो ओ.बी.सी. के उपेक्षित समुदायों को आरक्षण का लाभ देने के लिये अपनाई गई हैं। इस आयोग की सिफारिशें सत्तारूढ़ दल को ऐसा आधार प्रदान कर देंगी कि पार्टी उन ओ.बी.सी. समुदायों के लिये उपयोगी नीतियां बना सके, जो अब तक यथेष्ट संरक्षण से वंचित रहे हैं।

पिछले वर्षों में भाजपा नेता, जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हैं, जाति आधारित पार्टियों, जैसे समाजवादी पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता दल के घोर आलोचक रहे हैं। भाजपा के अनुसार, इन जाति आधारित पार्टियों ने अवसरों का बहुत बड़ा हिस्सा ओ.बी. सी. की समर्थ एवं सक्षम जातियों को दे दिया है तथा कमजोर तबके भूखों मर रहे हैं।

भाजपा, प्रकटतः जातिगत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बिना हिसाब-किताब किए रेवड़ियाँ बांट रही है कांग्रेस, कर्नाटक में खजाना खाली है और राजस्थान में भी'

## प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि, कर्नाटक और राजस्थान सरकार सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए अन्य मदों का पैसा भी खर्च कर रही हैं

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। चूँकि कर्नाटक सरकार का अपनी चुनावी गारंटियों (फ्रीबीज़) के लिये पैसे की व्यवस्था करने में मुश्किलें आ रही है, इसलिये भाजपा इस बिन्दु को लेकर कांग्रेस की छवि को खराब करने में लगी हुई है। भाजपा कांग्रेस की आलोचना करते हुये, यह बात तो पहले से कहती आ रही है कि एस.सी./एस.टी. कल्याण के लिये निर्धारित पैसे को चुनावी गारंटियों को पूरा करने के काम खर्च किया जा रहा है।

- **ज्ञातव्य है कि, कर्नाटक सरकार ने 14,000 करोड़ रूपए के चुनावी वायदे पूरे करने के लिए एस.सी./एस.टी. कल्याण कोष के 11,000 करोड़ रू. का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया, जिसकी भाजपा ने कड़ी आलोचना की है।**
- **प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस अनाप -शनाप चुनावी वायदे कर रही है और उसे यह भी नहीं पता कि, इसके लिए पैसा कहां से आएगा। इस प्रकार कांग्रेस अपने शासित राज्यों को आर्थिक संकट में डाल रही है।**




भाजपा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के इस सहज स्वीकरण का पूरा-पूरा लाभ ले रही है जिसके अन्तर्गत उन्होंने यह कहा था कि जाँच चुनावी गारंटियों को पूरा करने, जिसमें करीब 14000 करोड़ रू. का वित्तीय भार उठायेगा, के कारण विकास-कार्य के लिये पैसे की कमी आ रही है।

कर्नाटक सरकार के इस निर्णय के बाद कि एस.सी./एस.टी. कल्याण के लिये रखे पैसे में से 11000 करोड़ रू. को पाँच चुनावी गारंटियों के क्रियान्वयन के काम में लिया जायेगा, भाजपा ने कांग्रेस पर कड़े प्रहार करना शुरु कर दिया है।

शिवकुमार की इस स्वीकारोक्ति तथा ''एस.सी./एस.टी. कल्याण की राशि को अन्य कार्यों पर खर्च करने को तत्काल झपटते हुये, भाजपा ने 2024 के आम चुनावों से पहले, कांग्रेस पर कड़े प्रहार करना तथा उसकी छवि खराब करना शुरु कर दिया है।

कांग्रेस पर किये जा रहे इस हमले का नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने आज अपने भाषण में कहा कि कांग्रस द्वारा बिना सोचे समझे प्रीवीज़ की घोषणाएं कर देने के कारण, जो उसने सत्ता प्राप्त करने के निजी लाभ के लिये की थीं, के कारण कर्नाटक अस्त व्यस्त हो रहा हैं। कर्नाटक ही नहीं, राजस्थान के राजकोष में भी पैसा नहीं रहा है।

भाजपा के अन्य नेताओं ने भी इसी स्वर में कांग्रेस की निन्दा की। कर्नाटक के केन्द्रीय मंत्रियों तथा लोकसभा सांसदों से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई तक पूरी कर्नाटक भाजपा अपने हमले में एक ही बात कह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मणिपुर के मसले पर राज्यसभा से विपक्ष का वॉकआउट

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर बुधवार को संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा दोपहर दो बजे तक स्थगित रही। हंगामा प्रश्नकाल में शुरु हुआ जब सदन की अध्यक्षता मिधुन रेड्डी कर रहे थे। राज्यसभा में भी विपक्ष ने वॉक आउट किया।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से बहस हो गई। उन्होंने विपक्ष के वॉक आउट के बाद पी.टी. ऊषा को सदन की जिम्मेवारी सौंपी। मणिपुर हिंसा पर मोदी को बुलाने की मांग नहीं मानने के कारण विपक्ष ने वॉक आउट किया।

- **लोकसभा भी मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के विरोध व हंगामे की वजह से 2 बजे तक स्थगित रही।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी मर्जी से सदन में आ सकते है, वे उन्हें सम्मन नहीं भेज सकते हैं। यह नियम के खिलाफ हैं, उन्होंने नियम 267 के तहत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'लोकसभाध्यक्ष बिड़ला नाराज़ हैं या नाटक कर रहे हैं'

## राजनैतिक विश्लेषकों का कहना है कि, स्पीकर की नाराज़गी और सदन में अनुपस्थिति विपक्ष के गठबंधन ''इंडिया'' की छवि खराब करने की कोशिश है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। राजनैतिक हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला निचले सदन में चल रह गतिरोध से बहुत व्यथित हैं और लोग पूछ रहे हैं कि यह सच है या कल्पना।

आज एक समाचार चैनल पर सूत्रों क हवाले से दी गई खबर में बताया गया कि बिड़ला ने संसदीय गतिविधियों में लगातार आ रहे व्यवधान पर सरकार और विपक्ष दोनों के समक्ष नाराज़गी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वे तब तक सत्रों में भाग नहीं लेंगे जब तक सांसद सदन की गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं करते।

- **एक न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार, बिड़ला ने संसद में चल रहे सतत गतिरोध के लिए सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और विपक्षी दलों के प्रति नाराजगी प्रकट की थी और कहा था कि, जब तक सांसद सदन की गरिमा के अनुसार आचरण नहीं करेंगे वे सदन में नहीं आएंगे।**
- **हालांकि, अधिकृत रूप से लोकसभाध्यक्ष की अनुपस्थिति के विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।**

सूत्रों के अनुसार हालांकि आज जब लोकसभा की कार्रवाई आरंभ हुई तब बिड़ला अध्यक्ष के आसन पर नहीं थे, इसलिए यह नाराज़गी का दिखावा सरकार द्वारा प्रायोजित हो सकता है ताकि इंडिया गठबंधन का जनता के सामने नकारात्मक रूप से पेश किया जा सके।

अध्यक्ष के आसन पर न होने के बारे में आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा गया है।

आज भी शोरगुल जारी रहा जिससे सदन पहले दो बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित हो गया।

लोकसभा दिन भर के लिए स्थगित हुई क्योंकि विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर मामले पर विरोध जारी रखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्य की स्थिति पर वक्तय मांगा जो कई महीनों में जातीय हिंसा से त्रस्त हैं।

कार्यवाही की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के सदस्य किरीट सोलंकी ने विपक्षी सदस्यों से व्यवस्था बनाए रखने की अपील की लेकिन अंत में दिन भर के लिए सदन स्थगित कर दिया।

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेल्वे का नया ऑफर ''बुक नाओ पे लेटर''

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों का टिकट प्रथम आरक्षण-चार्ट के तैयार होते समय स्वतः (ऑटोमैटिकली) निरस्त हा जाता है तथा पैसा-वापसी की प्रक्रिया स्वतः ही शुरु हो जाती है। बैंक से कह दिया जाता है कि अगले दिन पैसा वापस कर दिया जाये।

- **रेल्वे के इस ऑफर के बारे में लोकसभा में जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि, ई. एम.आई. में भुगतान का विकल्प भी उपलब्ध है।**

बुधवार को लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह बताते हुये, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगर पैसा डेबिट हो जाता है तथा टिकट बुक नहीं होता तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फर्जी लैब्स के कारण पनप रहा है हैल्थ इंश्योरैंस स्कैम...(3)

## आर.जी.एच.एस. में किसी प्राइवेट लैब का रजिस्ट्रेशन नहीं है, अतः हर छोटी-मोटी गैर मान्यता प्राप्त लैब भी रिपोर्ट दे सकती है और यह रिपोर्ट आधार बन जाती है इंश्योरैंस क्लेम का

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 2 अगस्त। राज्य सरकार ने मैडिकल लैब्स की पंजीयन की प्रक्रिया और उन लैब्स के नाम सार्वजनिक नहीं करके ना केवल फर्जी लैब्स को पनपने में मदद की है, बल्कि फर्जी रिपोर्ट्स के माध्यम से इंश्योरेंस की ठगी को भी बढ़ावा दिया है। क्योंकि लोग पैसे देकर भी मनमानी रिपोर्ट्स बनवा सकते हैं। राज्य सरकार के रवैये, कि वह स्वयं मैडिकल लैब्स के पंजियन करने के लिए बजट पारित नहीं कर रही है, से सरकार की केवल यह मंशा उजागर होती है कि वह लोगों को सही मैडिकल ट्रीटमैंट देने के लिए कितनी गंभीर है। राज्य सरकार की उदासीनता को देखते हुए अफसरों में भी भ्रष्टाचार पनपता है। यह इस बात का प्रमाण हमें तब देखने को मिलता है जब प्रदेश में लैब्स का अस्थायी पंजीयन करने में भी साफ-साफ भ्रष्टाचार के सबूत मिलते है।

- **इस झूठी-सच्ची टैस्ट रिपोर्ट पर आधारित उपचार तो गलत हो ही सकता है, यह प्रथा ''इंश्योरैंस क्लेम'' के स्कैम की पहली सीढ़ी है।**
- **केन्द्रीय सरकार की हैल्थ स्कीम (सी.जी.एच.एस.) व सेना की हैल्थ सेवा का लाभ लेने के लिये बाकायदा स्वीकृत लैब्स का पैनल होता और इस तरह ''एमपैनल्ड लैब्स'' के रिज़ल्ट को आधार बनाया जा सकता है, इलाज का व क्लेम का।**
- **यह प्रणाली राजस्थान सरकार ने क्यों नहीं अपना रखी।**
- **रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था नहीं होने से सभी लैब्स टैस्ट रिपोर्ट देने का अधिकार रखती हैं।**
- **ऊपर से व्यवस्था में ही खामी है, तो नीचे स्तर पर क्रियान्वयन के रूख पर भ्रष्टाचार होना स्वाभाविक ही है।**

सूत्रों से प्राप्त दस्तावेज़ के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने जयपुर की सेठी कॉलोनी में एक लैब का स्थायी पंजीयन वर्ष 2019 में किया था, परंतु अधिकारियों ने फॉर्म में मांगी गई महत्वपूर्ण जानकारी जैसे, 'व्यक्ति का नाम' और 'औषध की पद्धति' श्रेणी में कोई जानकारी नहीं दी है।

सवाल यह कि जब पूरी जानकारी नहीं दी गई थी तो इस लैब का पंजीयन क्यों और कैसे किया गया?

राज्य सरकार ने लोकायुक्त को दिए गए जवाब में चिकित्सा संस्थानों एवं लैब्स के पंजीयन नहीं किए जाने के संदर्भ में यह भी कहा है कि क्लीनिकल एस्टैबलिशमेंट एक्ट एवं रूल्स का पूरी तरह क्रियान्वयन कराने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इस संदर्भ में अधिक जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाना है जिसके लिए राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से बजट का प्रस्ताव प्रेषित किया है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य समवर्ती सूची का विषय है अर्थात इस पर केन्द्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली में विहिप की रैली के खिलाफ याचिका

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम समुदाय के कुछ सदस्यों ने अपील की कि विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और उसकी शाखा बजरंग दल ने नूह जिले में हुए हिंसा पर नई दिल्ली में जो विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, उस पर रोक लगाई जाए।

- **सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की सुनवाई में दिल्ली प्रशासन को आदेश दिया कि, विहिप की रैली में ''हेट स्पीच'' नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए तथा पूरी सतर्कता बरती जाए।**

याचिका कर्ताओं ने कहा कि उनकी याचिका को त्वरित सुनवाई के लिए ''हेट स्पीच'' बैंच की याचिकाओं में शामिल किया जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में हुए अलग-अलग हादसों में छह की मौत

## करौली में हुये हादसे में एक किशोरी घायल हो गई, वहीं भीलवाड़ा में घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया

## कार-ट्रक में भिड़ंत, तीन युवकों की मौत

### एक किशोरी घायल, उपचार कर जयपुर रैफर किया

**करौली, (निसं)।** करौली-सरमथुरा सड़क मार्ग स्थित एनएच-23 मचानी गांव के पास एक ट्रक और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक किशोरी घायल हो गई। मृतकों के शव करौली सामान्य चिकित्सालय लाये गये। जहां पोस्टमार्टम कर शव परिवार जनों के सुपुर्द कर दिये एवं घायल बालिका का उपचार कर जयपुर रैफर कर दिया। मासलपुर थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

■ **प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी जानवर को बचाने के प्रयास में दुर्घटना होने की बात सामने आई है**


करौली के निकट मचानी गांव के पास दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

मासलपुर थाने के एएसआई हरिसिंह ने बताया कि सरमथुरा निवासी शफीक खान पुत्र रफीक खान, छोटू उर्फ भोंगा पुत्र सोहनलाल निवासी डोमई, अमित पुत्र भगवान सिंह निवासी रोहर मासलपुर और एक बालिका कार से करौली की तरफ से कहीं जा रहे थे। इस दौरान एनएच-23 पर मचानी गांव के पास सरमथुरा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार तीनों युवक और एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए करौली सामान्य चिकित्सालय लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए जबकि घायल किशोरी राजकुमारी पुत्री नरेश मीणा निवासी कसारा का उपचार कर गंभीर अवस्था मे जयपुर अस्पताल के लिये रैफर कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी जानवर को बचाने के प्रयास में दुर्घटना होने की बात सामने आई है दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी गई। सूचना पर मृतकों के परिजन करौली पहुंचे जहा परिजनों में रुदन मच गया मृतकों का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनो के सुपुर्द कर दिये पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई करौली कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात रही दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश में जुटी है। वहीं दुर्घटना के बाद घायल व मृतकों के किसी भी परिजन ने पुलिस मे मुकदमा दर्ज नहीं कराया ना ही घायल बालिका के कोई पर्चा बयान दर्ज हुए है क्योकि बालिका की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## सुरपुरा बांध की डिग्गी में नहाने गये तीन छात्राओं की डूबने से मौत

### तीनों छात्र 11वीं कक्षा में पढ़ते थे जो महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम चैनपुरा में अध्ययनरत थे

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकट सुरपुरा बांध की डिग्गी में नहाने के लिए तीन छात्र बुधवार सुबह स्कूल ना जाकर वहां पहुंच गए। पानी में डूबने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर जिला कलेक्टर, डीसीपी पूर्व भी वहां पहुंचे। देर शाम तक तीनों छात्रों के शव पानी से बाहर निकाले जा सके। शवों को पुलिस ने एमजीएच की मोर्चरी में रखवाया है।

■ **जिला कलेक्टर, डीसीपी पूर्व मौके पहुंचे, गोताखोर सिविल डिफेंस की टीम ने शव निकाले**

■ **तीनों छात्र बुधवार सुबह स्कूल ना जाकर सुरपुरा बांध की डिग्गी में पहुंच गए थे**

एसीपी मंडोर पीयूष कविया ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि सुरपुरा बांध की डिग्गी में डूबने से तीन छात्रों की मौत हो गई है। इस पर मंडोर पुलिस थानाधिकारी ईश्वरचंद पारिक आदि वहां पहुंचे। मौका स्थल पर दो साइकिलें मिलीं, साथ ही बांध के किनारे जूते, चप्पल, जुराबों के साथ उनके स्कूली बैग पड़े थे। मगर बच्चे नजर नहीं आए। इस पर गोताखोरों को सूचना देकर बुलाया गया। शाम तक सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ और मालवीय बंधुओं की टीमों ने मिलकर तीनों छात्रों के शवों को बाहर निकाला।

शवों को देखकर मृतकों के परिजन बिलख पड़े। लोगों ने उन्हें ढांढस बंधाया। एसीपी कविया ने बताया कि मृतकों की पहचान कुसुम विहार गणेश होटल के पास महामंदिर निवासी 18 साल के जयसिंह माली, रामेश्वरनगर, गुजराबास 16 साल के स्वरूपसिंह एवं माता का थान स्थित राव वाला बेरा मगरापूंजला निवासी गौतम माली के रूप में की गई। तीनों मित्र 11 वीं के छात्र थे।

पुलिस निरीक्षक ईश्वरचंद पारिक ने बताया कि तीनों छात्र 11वीं कक्षा में पढ़ते थे। यह लोग महात्मा गांधी इंग्लिश मिडियम चैनपुरा में अध्ययनरत थे।

बाद में सूचना पर बच्चों के परिजन भी वहां पहुंच गए। क्षेत्र के लोगों ने घटना के बारे में सुना तो हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। बच्चों के पानी में डूबने की सूचना पर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, पुलिस उपायुक्त पूर्व डॉ. अमृता दुहन आदि वहां पहुंचे। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश के बाद शवों को एमजीएच की मोर्चरी पर भिजवया। अग्रिम कार्रवाई गुरूवार को की जाएगी।

## कार पेड़ से टकराई, सात गंभीर घायल

### पण्डेर सरपंच पति ने अपनी निजी कार से घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के जहाजपुर उपखंड क्षेत्र के पंडेर थाना इलाके के भोपालपुरा गांव में असंतुलित होकर कार पेड़ से जा टकराई जिसमें कार में सवार सभी लोग गंभीर घायल हो गए। वहीं सूचना पर पण्डेर सरपंच पति ममता मुकेश जाट मौके पर पहुंचे और अपनी निजी कार से घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां घायलों का उपचार शुरू हुआ।


करौली के निकट मचानी गांव के पास दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

पण्डेर थाना अधिकारी बलवीर खां ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपालपुरा गांव के पास एक कार असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई और पलट गई, जिसमें करीब 7 जनों के घायल होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस त्वरित प्रभाव से मौके पर पहुंची और गंभीर घायलों को राजकीय हॉस्पिटल पण्डेर पहुंचाया जहां घायलों का उपचार शुरू हुआ। वहीं गंभीर घायल होने पर सभी घायलों को भीलवाड़ा के लिए रेफर कर दिया गया। जहाजपुर से कनेछन कला तहसील फुलिया में आज जयगुरुदेव संगत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज महाराज के सत्संग के लिए प्रदेश अध्यक्ष विष्णु सोनी के साथ संगत के लोग कार में सवार होकर जा रहे थे कि बीच रास्ते में ही कार असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराई और पलट गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विष्णु सोनी, प्रकाश खटीक पिता नंदलाल खटीक निवासी आमल्दा, सांवरा लखारा पिता गोपाल लखारा निवासी जहाजपुर, राजेश माली पिता गोपाल माली निवासी पण्डेर, रामधनी पत्नी गोपाल माली निवासी पण्डेर, मोहन लाल पिता जयराम निवासी बाड़मेर, हिलीयसिह पिता सालूराम झुन्झुनू गंभीर घायल हो गए।

वहीं गंभीर घायल होने पर सभी घायलों को भीलवाड़ा के लिए रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटना के बाद लोगों ने जहाजपुर, शाहपुरा व पण्डेर 108 को काफी देर तक फोन लगाया। लेकिन कोई भी 108 मौके पर नहीं पहुंची बाद सभी घायलों को निजी वाहन से ले जाया गया। वहीं दुर्घटना में घायल हुए कुछ लोगों के हाथ व पैर में फ्रैक्चर हो गया था जिसके बाद पण्डेर चिकित्सा कर्मियों ने घायलों के फ्रैक्चर पर पट्टीयां बाधकर रेफर कर दिया, जिसके चलते चिकित्सा कर्मियों की लापरवाही सामने नजर आती हुई दिखाई दी।

## प्राचीन गणेश मंदिर के तालाब में डूबने से बालिका की मौत

### परिवार के साथ विराटनगर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में घूमने आए थे

**पावटा, (निसं)।** मंगलवार रात विराटनगर नगरपालिका क्षेत्र के प्राचीन गणेश मंदिर परिसर क्षेत्र में बने तालाब में डूबने से एक बालिका की मौत हो गई। मनोहरपुर निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि अपने परिवार के साथ विराटनगर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में घूमने के लिए आए थे। वहीं उनके साथ आई नौ वर्षीय बालिका अन्नू वाहन में सो रही थी।

■ **मंदिर में जाते समय रास्ता भटक कर मंदिर परिसर क्षेत्र में बने तालाब में जा गिरी**

■ **तालाब पर सुरक्षा जाल नहीं होने के कारण हुआ हादसा**


प्राचीन गणेश मंदिर परिसर क्षेत्र में बने तालाब में डूबने से एक बालिका की मौत हो गई।

परिजन अन्नू को वाहन में सोता छोड़ दर्शन करने गणेश मंदिर चले गए। उनके जाने के बाद पीछे से अचानक बालिका की नींद खुल गई और गाड़ी से उतर कर मंदिर में जाते समय रास्ता भटक कर मंदिर परिसर क्षेत्र में बने तालाब में जा गिरी। वहीं परिजनों ने वापस आकर देखा तो बालिका अन्नू गाड़ी में नहीं थी। बालिका के गायब होने से आसपास हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा बालिका की तलाश व खोज की गई तो वह तालाब में डूबी हुई मिली। आनन-फानन में परिजनों द्वारा बालिका को तुरंत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विराटनगर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। वहीं विराट नगर थाना पुलिस द्वारा बालिका का शव पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

तालाब पर किसी प्रकार का कोई जाल या किसी तरह की कोई सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम नहीं है। जिसके कारण पूर्व में भी तालाब में कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने तालाब पर जाल गिराने के लिए कई बार नगरपालिका को सूचित किया था। लेकिन नगरपालिका की लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा घटित हो गया व एक बच्ची ने अपनी जान गंवा दी।

## आर.पी.एफ. के ए.एस.आई. का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

**सवाईमाधोपुर, (निस)।** जयपुर-मुम्बई ट्रेन में हुई फायरिंग की घटना के करीब 50 घंटे बाद आर.पी.एफ. के ए.एस.आई. टीकाराम मीणा का शव पश्चिम एक्सप्रेस ट्रेन से बुधवार को अल सुबह मुम्बई से सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां पहले से ही सैकड़ों ग्रामीण रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। पुलिस एंव आरपीएफ व जीआरपी के अधिकारीयों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहे।

■ **जयपुर-मुंबई ट्रेन में आरपीएफ कांस्टेबल ने फायरिंग कर दी थी। इसमें तीन अन्य लोगों सहित एएसआई टीकाराम मीणा की मौत हो गई थी**

ट्रेन से शव उतारने के बाद रेलवे स्टेशन से एएसआई के पैतृक गांव श्यामपुरा तक शव यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों ग्रामीण व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शव के गांव पहुंचने पर एएसआई टीकाराम मीणा के आवास पर अंतिम दर्शन के लिए उनका शव घर के आंगन में रखा गया।

इस दौरान मृतक टीकाराम मीणा को शहीद का दर्जा दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़ गए और प्रशासन को मांगें पूरी नहीं होने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की चेतावनी दे डाली। ग्रामीणों की सूचना पर सवाई माधोपुर एसडीएम कपिल शर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइस की। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आरपीएफ अधिकारियों एंव एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीण शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हो गए।

शव को मुखाग्नि देने से पूर्व आरपीएफ व प्रशासनीक अधिकारियों द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं आरपीएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद उनके पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उर्फ दिलखुश द्वारा मुखाग्नि दी गई। गौरतलब है कि सोमवार को पालघर में जयपुर-मुंबई ट्रेन में आरपीएफ कांस्टेबल चेतन ने फायरिंग कर दी थी। फायरिंग की घटना में तीन अन्य लोगों सहित आरपीएफ एएसआई टीकाराम मीणा की मौत हो गई थी।

## टेंट हाउस गोदाम से लाखों की चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र में तिलोली रोड़ स्थित एक टेंट हाउस गोदाम में घुसे चोर दो लाख रुपये कीमत की मशीनें चुरा ले गये। पुलिस ने टेंटा हाउस संचालक की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया। आसींद पुलिस के अनुसार, दौलतगढ़ निवासी पवन कुमार पुत्र लादूलाल नौलखा ने थाने में रिपोर्ट दी कि उसके टेंट गोदाम में चोरी गई मशीनों की कीमत 2 लाख रुपये है।

## घी का नमूना जांच में फेल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** प्रदेशभर में चल रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत कृषि उपज मंडी में श्री राधे ट्रेडिंग से लिया गया घी का नमूना प्रयोग शाला जांच में फ़ेल होने के बाद उस बैच का माधवन ब्रांड का 329 लीटर घी सीज कर इस बैच के घी की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुस्ताक खान ने बताया कि शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 12 जुलाई को कृषि उपज मंडी स्थित श्री राधे ट्रेडिंग कम्पनी दुकान का निरीक्षण कर माधवन ब्रांड घी का नमूना लिया था। यह नमुना जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर भेजा गया था। इस नमूने की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मिल गई। घी का यह नमूना जांच में फ़ेल पाया गया। इसके चलते आज स्वास्थ्य विभाग की टीम दुबारा श्रीराधे ट्रेडिंग कंपनी की मंडी स्थित शॉप पर पहुंची और उसी बैच का 329 लीटर घी सीज कर दिया।

## डॉक्टर को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी हॉस्पिटल के कन्सलटेंट फिजिशियन डॉक्टर नरेश खंडेलवाल के घर लैंडलाइन पर मिली बम से उड़ाने की धमकी भीलवाड़ा से ही दी गई थी। यह कॉल जिस मोबाइल सिम से की गई, वह सिम उत्तरप्रदेश के एक व्यक्ति के नाम से खरीदी गई थी। इस खुलासे के बाद पुलिस की टीम उत्तरप्रदेश भेजी जायेगी, जो उस व्यक्ति से पूछताछ करेगी, जिसके नाम से यह सिम खरीदी गई।

■ **लैंडलाइन पर मिली बम से उड़ाने की धमकी भीलवाड़ा से ही दी गई थी**

■ **कॉल जिस मोबाइल सिम से की गई, वह सिम उत्तरप्रदेश के एक व्यक्ति के नाम से खरीदी गई थी**

जानकारी के अनुसार आरसी व्यास कॉलोनी निवासी डॉ. नरेश खण्डेवाल के घर लैंडलाइन फोन पर मंगलवार दोपहर एक कॉल आया। कॉल, डॉक्टर खंडेलवाल की पत्नी ने उठाया। कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि डॉ. नरेश खण्डेवाल के घर पर बम लगाया हुआ है। उसने धमकी दी कि शाम 5 बजे तक 50 लाख रुपये नहीं पहुंचाये तो घर को बम से उड़ा दिया जायेगा। यह सुनकर डॉक्टर की पत्नी ने कॉल डिस्क्नेक्ट कर दी। इसके पश्चात भी 4-5 कॉल लैंडलाईन पर आये, लेकिन डॉक्टर की पत्नी ने कॉल रिसीव नहीं की। डॉक्टर खंडेलवाल ने सुभाषनगर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

बम तलाशने के लिए अजमेर से बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड टीम को यहां बुलाया गया, जिसने देर रात तक डॉक्टर के घर जांच की, लेकिन कोई बम नहीं मिला। मामले की जांच के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की। ये टीमें धमकी देने वाले व्यक्ति तक पहुंचने के लिए पड़ताल कर रही है। इस बीच, पुलिस ने उस मोबाइल नंबर का पता लगा लिया, जिस नंबर से डॉक्टर के घर धमकी भरा कॉल किया गया।

यह मोबाइल नंबर उत्तरप्रदेश के सीतापुर क्षेत्र के किसी व्यक्ति नाम से जारी हुआ है। वहीं यह बात भी सामने आई कि धमकी भरी कॉल भीमगंज थाना सर्किल से की गई थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस कॉल के बाद उक्त अज्ञात व्यक्ति ने इस नंबर का उपयोग बंद कर दिया। पुलिस अब जांच के लिए उत्तरप्रदेश भेजी जायेगी, जो उस व्यक्ति का पता लगाकर उससे मोबाइल सिम के बारे में पूछताछ करेगी। पुलिस का कहना है कि अब तक कॉल करने वाले व्यक्ति का पता नहीं चल पाया है।

## बृज कोसी परिक्रमा पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा आतंकवाद का पूतला फूंका गया


सुजानगढ़ में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पूतला फूंका।

**सुजानगढ़, (निसं)।** हरियाणा के नूंह में बृज कोसी परिक्रमा पर हुए हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए गणेश मंदिर चौराहे पर आतंकवाद का पूतला फूंका गया। प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए विहिप कार्यकर्ताओं ने इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लगाने तथा हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की।

इस दौरान जिला संयोजक मोहित बोचीवाल, विहिप जिलाध्यक्ष सुभाष पारीक, विभाग धर्म प्रसार प्रमुख नरेंद्र भाटी, सुजानगढ़ अध्यक्ष मनोहर काछवाल, मंत्री दिनेश नाई, ग्रामीण अध्यक्ष कालूराम, सहमंत्री प्रभुराम, अरविंद सोनी, विमल गोदारा, छापर खंड अध्यक्ष सुरेंद्र सैन, मंत्री राधेश्याम मुंधडा, शुभम सैन, महेश जाट, दिव्यांशु, करनी सिंह, छात्रसंघ उपाध्यक्ष रामचंद्र प्रजापत, कमल टाक, हिमांशु भाटी, राहुल भाटी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कामां एवं पहाड़ी तहसील में धारा 144 लागू

**भरतपुर, (निसं)।** जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर लोक बंधु ने आदेश जारी कर हरियाणा राज्य के नूंह मेवात जिले में ब्रज मण्डल यात्रा के दौरान आगजनी, लूटपाट व पत्थरबाजी से कानून व्यवस्था बिगड़ने के मद्देनजर नूंह मेवात के समीपवर्ती जिले की तहसील कामां, पहाड़ी में शांन्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं जानमाल की सुरक्षा किये जाने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत कामां एवं पहाडी तहसील में निषेधाज्ञा लागू की। जिला मजिस्ट्रेट लोक बंधु ने बताया कि जिले की तहसील कामां एवं पहाड़ी में किसी भी प्रकार के जुलूस, रैली इत्यादि बिना अनुमति के प्रतिबंधित रहेगी। सभी प्रकार के भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक एवं धार्मिक समारोह के आयोजन से पूर्व संबंधित मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य है। उक्त निषेधाज्ञा पूर्व में चल रही धार्मिक यात्राओं, ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा तथा शहरी एवं ग्रामीण ओलम्पिक एवं अन्य राजकीय आयोजनों पर लागू नहीं होंगी।

## अंगदान जीवनदान अभियान 3 से

**सवाई माधोपुर।** बुधवार को चिकित्सा एंव स्वस्थ्य विभाग द्वारा अंगदान जीवनदान महाअभियान कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता के दौरान सीएमएचओ डॉक्टर धर्म सिंह ने मीडियाकर्मियों से मुखातिब होते हुवे बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंगदान के प्रति लोगो को जागरूक करने को लेकर 3 अगस्त से 17 अगस्त तक अंगदान जीवनदान महाअभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत अंगदान करने को लेकर लोगो को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हमारे देश में वर्तमान समय में महज 10 से 15 फीसदी ही लोग अंगदान करते है जो जरूरत के हिसाब से बेहद कम है। उन्होंने बताया कि अंगदान को लेकर सरकार के निर्देश पर चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान अंगदान जीवनदान महाअभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमो के मध्यम से लोगो को अंगदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। ताकि लोग अंगदान के महत्व को समझ सके और जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सके।

# बिना कार्य किए मस्टरोल का फर्जी भुगतान उठाने का आरोप

**बामनवास।** सांचौर ग्राम पंचायत में हाल ही में हो रहे नरेगा कार्य का मस्टरोल के माध्यम से कार्य नहीं होने के बाद में फर्जी भुगतान उठा लिया।

इस भ्रष्टाचार की कलाई खोलने की मांग को लेकर सांचौर ग्राम पंचायत के आरपुरा महारावंड माधोपुरा आदि के ग्रामीणों ने एसडीएम को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया है। एसडीएम द्वारा इस प्रकरण की जांच के लिए जिला परिषद के नरेगा के अधिशासी अभियंता को जांच के लिए सात दिन में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी पाबंद किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में चल रहे नरेगा कार्य में हुए फर्जीवाड़े को लेकर शिकायत के बाद पहुंचे अधिकारियों द्वारा खुद की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया था कि यहां नरेगा का कार्य नहीं हुआ है इसके बावजूद नरेगा से श्रमिकों को भुगतान कर दिया गया है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच चरतलाल मीणा व ग्राम विकास अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतना खुलासा होने के बाद भी ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा सबक नहीं लिया गया एवं उल्टे भ्रष्टाचार की खुली परतो को दबाने के लिए मौके पर नरेगा कार्य दिखाने के लिए ट्रैक्टर ट्रालीयों के माध्यम से मिट्टी डलवा कर भ्रष्टाचार को दबाने का कार्य किया गया।

ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो जन आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन देने के दौरान विजय सिंह गुर्जर, जगदीश गुर्जर, हुकम सिंह, पप्पू लाल, रुगनाथ, गिर्राज आदि कई ग्रामीण लोग मौजूद रहे।



**ग्रामीणों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया**

## शिवाड बसयात्रा की तैयारी

**गंगापुर सिटी।** गंगापुरसिटी से श्री घुश्मेश्वर धाम शिवाड एवं चौथ का बरवाडा के लिये बस यात्रा 23 अगस्त बुधवार को सुबह 7 बजे गंगापुर सिटी के विभिन्न स्थानों से प्रस्थान करेंगी। बैठक में बसयात्रा की सभी व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श किया गया। यात्रा मण्डल के व्यवस्थापक कैलाश चन्द शर्मा एडवोकेट ने बताया कि बस यात्रा 23 अगस्त को सुबह 7 बजे शहर के विभिन्न स्थानों में कर्मचारी कॉलोनी, श्री कुशालगढ श्याम मंदिर नहर रोड, ट्रक यूनियन स्थित डॉक्टर महरवाल के समीप से रवाना होकर सुबह 9 बजे चौथमाता मंदिर पहुंचकर सभी भक्त चौथ माता के दर्शन करेंगे एवं दर्शन के पश्चात अल्पाहार करेंगे। इसके बाद सभी यात्री दोपहर 12 बजे श्री घुश्मेश्वर धाम शिवाड पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करेंगे। इस अवसर पर घुश्मेश्वर धाम शिवाड में सभी बस यात्रियों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। व्यवस्थापक कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि बस यात्रा के सम्बन्ध मे विभिन्न व्यवस्थाओ की तैयारी के लिये आज बुधवार को आयोजित बैठक मे यात्रा मण्डल के सदस्य गोपाल लाल गुप्ता सलेमपुर, सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### याद रहेगा एसडीएम शर्मा का कार्यकाल

**सवाईमाधोपुर।** आरएएस अधिकारी कपिल शर्मा का सवाईमाधोपुर एसडीएम पद से टोंक जिले में तबादला हो गया। सवाईमाधोपुर में उनके कार्यकाल के 3 तीन वर्ष बहुत ही संतोषप्रद रहे। जिसके चलते जिले में उनकी छवि एक अनुकरणीय रही। जिले में उनका तीन वर्ष का कार्यकाल प्रशासनिक सेवा में कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए कब निकल गया पता ही नहीं चला। इस समय अवधि के दौरान कोविड महामारी में पूरी जिम्मेदारी दिखाई। एसडीएम रहते यू आई टी सचिव, नगर परिषद आयुक्त के अतिरिक्त कार्यभार पद को भी पूरी निष्ठा जिम्मेदारी के साथ निभाया। भारत जोड़ो यात्रा हो या कोई भी वीवीआईपी मूवमेंट हर समय अपने पद के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका दिखाई।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**करौली।** जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में सपोटरा थाना अधिकारी धारासिंह के द्वारा आरोपी राजेश पुत्र मनोहर लाल अग्रवाल निवासी चौडागांव सपोटरा हाल निवासी राजकीय गर्ल्स स्कूल के पास स्टेशन रोड गंगापुर सिटी ने वन विभाग की जमीन पर फर्जी तरीके से पट्टा तैयार कर कूटरचित छल कपट से वन विभाग के प्लॉट को 40 हजार रुपये में राजमल जैन को बेचान कर दिया जबकि एक प्लॉट पर वन विभाग सपोटरा का कब्जा है जिस मामले के दर्ज मुकदमा में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### समीक्षा बैठक 24 अगस्त को

**करौली।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार ने बताया कि संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता मे 24 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यो एवं फ्लैग्शिप योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी तथा दोपहर 1.30 बजे जिला स्तरीय जनसुनवाई की जायेगी।

# कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक आयोजित

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर लोक बंधु की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय, सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगणों के साथ साप्ताहिक बैठक, श्रम विभाग, जिला स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव के आयोजन, सघन मिशन इंद्रधनुष 2023 के आयोजन के संबंध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला भारत स्वच्छता मिशन प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर लोकबंधु ने विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारीगण संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समय पर कार्य सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों द्वारा वर्ष में दो बार बंधक श्रमिक सर्वे करवाने, बंधक श्रमिक खोज, मुक्ति एवं पुर्नवास व अपराधिक प्रकरणों की अर्द्धवार्षिक सूचना प्रस्तुत करने के संबंध में निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बनाए गए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पोर्टल (एनडीयूडब्ल्यू) पर असंगठित श्रमिकों का पंजीयन शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किये। श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में कार्यरत 8 लाख 35 हजार 116 असंगठित श्रमिकों के पंजीयन के लक्ष्य के विरूद्ध 31 जुलाई 2023 तक कुल 6 लाख 18 हजार 850 श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है। इस प्रकार असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन में भरतपुर जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है इस पर जिला कलक्टर ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण से शेष रहे असंगठित श्रमिक की श्रेणी में आने वाले निर्माण श्रमिक, नरेगा श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, रिक्शा चालक, ऑटो चालक, घरेलू श्रमिक, कुली, पल्लेदार, मिड-डे-मील श्रमिक, सब्जी एवं फल विक्रेता, समाचार पत्र विक्रेता, आशा सहयोगिनी एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता आदि का पंजीयन कराने हेतु विभागवार विशेष सर्वे आयोजित किये जाये।

राजस्थान युवा महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन 7 व 8 अगस्त से

जिला कलक्टर ने राजस्थान युवा महोत्सव के जिला स्तरीय आयोजन के संबंध में तैयारियों के संबंध में समीक्षा करते हुए बताया कि जिला स्तरीय महोत्सव का आयोजन 7 व 8 अगस्त 2023 को किया जायेगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में एनसीसी, स्काउट, एनवाईकेएस व अन्य स्वयंसेवकों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करायें। जिला कलक्टर ने राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि लोहागढ स्टेडियम में 5 अगस्त को आयोजित होने वाले शुभारम्भ कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करें।

## पदयात्रा व्यवस्थाओं पर चर्चा

**गंगापुर सिटी।** मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति की आमसभा नरूका होटल में आयोजित की गई। जिसमें 18वीं पदयात्रा की व्यवस्था पर चर्चा कर पदयात्रा की तिथी तय की गई। आमसभा में सर्व सम्मति से 22 सितम्बर 2023 भाद्र पद सुदी सप्तमी शुक्रवार को पदयात्रा ले जाने का निर्णय लिया।

आमसभा में माता रानी के भक्तो ने अपने विचार रख सुझाव दिए और पदयात्रा की व्यवस्थाओ बावत घोषणा की गई। साथ ही समिति के तत्वाधान में मां गुमानो बीजासणी देवी के करणपुर स्थित प्रांगण में 21 अगस्त से श्रीमद् भागवत कथा आयोजन का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। आमसभा का समापन मातारानी की आरती कर पंगत प्रसादी पाकर किया गया। आमसभा का मंच संचालन समिति उपाध्यक्ष महेश शर्मा पत्रकार ने किया। आमसभा में अध्यक्ष दिनेश धौलेटा, उपाध्यक्ष महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम रोधई, कार्यवाहक महामंत्री ब्रहमप्रकाश शर्मा, कार्यवाहक मंत्री पप्पू गुरू, ओमप्रकाश एसडीआई, सीताराम बैध, ब्रहमानंद गुप्ता, मुकेश लाइट, मुरारी महाराज सैकडो सदस्य मोजूद थे।

# विधायक के जन्मदिन पर अस्पताल में किया पौधारोपण



**कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा जाटव समाज के युवाओं ने राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण किया।**

**हिण्डौन सिटी।** विधायक भरोसी लाल जाटव के 75 वें जन्मदिवस पर बुधवार को शहर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा जाटव समाज के युवाओं ने राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण किया, वहीं रोगियों को फल वितरित किए। इससे पहले स्टेशन रोड स्थित विधायक निवास पर केक काटा गया। कार्यकर्ताओं ने विधायक के दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार जाटव शहर कांठोस कमेटी के अध्यक्ष नरसी पाराशर, देहात कांठोस के अध्यक्ष भगत सिंह डागुर, पुष्पेंद्र गारुवाल, मुकेश डीलर, वेदराम डीलर, पूर्व पार्षद रामकिशोर, मनोज जाटव, अविनाश जाटव, विष्णु कुमार, राजेश, वेद प्रकाश, जयेश आर्य, अशोक जाटव, भूर सिंह, भोलू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संभागीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) द्वारा शिक्षकों की प्रमुख मांगों को लेकर चलाए जा रहे प्रांत व्यापी आंदोलनं के तहत बुधवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय संभाग भरतपुर पर मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीना, प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघिना, अशोक पराशर, सोहन लाल गुप्ता के नेतृत्व में ज्ञापन दिया। प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीना और जिला अध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन देने बालों में जिला अध्यक्ष गंगापुर सोहनलाल गुप्ता, प्रांतीय सदस्य महेश जैन, जिला मंत्री रजनीश मुद्गल, चंद्रप्रकाश गर्ग, धर्म सिंह मीना, बाबू लाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष बदन सिंहमीना, जिलाध्यक्ष करौली अमरसिंह मीना, लज्जाराम गुर्जर, अमित गोयल, पूनम चतुर्वेदी, सपोटरा ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमोहन मीना, अध्यक्ष नादौती प्रहलाद मीना, भरतपुर जिला अध्यक्ष मुकेश पराशर, जिला मंत्री होतीलाल जैमन, धौलपुर जिला अध्यक्ष विजय सिंह,रामनिवास मीना मंत्री, भरतपुर द्वितीय जिलाध्यक्ष यादवचंद लवानिया उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान षिक्षक संघ अम्बेडकर की जिला ईकाई ने प्रदेष अध्यक्ष विजय सिंह एवं जिला अध्यक्ष मुकेष कुमार पिप्पल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर लोक बन्धु को मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस मोके पर प्रदेष अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि राजस्थान षिक्षक संघ अम्बेडकर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संगठन का मांग पत्र सौंपा था। लेकिन उस मांग पत्र की एक भी मांग पर सरकार के द्वारा कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई है। जिसे लेकर कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। लेकिन मांगे पूरी नहीं की जा रही है।

जिसे देखते हुए एक बार फिर से राजस्थान षिक्षक संघ अम्बेडकर की मांगों का ज्ञापन भेज कर संगठन की लम्बित मांगों पर कार्यवाही की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि संगठन की मांग है कि 1997 से वर्शवार रोस्टर रजिस्टर संधारित किया जाए। एससी एसटी के विद्यार्थियों को दी जा रही छात्र वृति आज की महंगाई दर के अनुसार बहुत कम है। इसलिए छात्रवृति दर को बढाया जाए। एससी एसटी वर्ग के अभिभावकों की आय सीमा दो लाख पचास हजार से अधिक होने पर छात्रवृति से वंचित कर दिया जाता है। इसलिए संगठन मांग करता है कि अभिभावकों की आय सीमा बढाई जाए। तृतीय श्रेणी षिक्षकों के स्थनांतरण पिछले काफी वर्शों से नहीं किए गए है। जिससे तृतीय श्रेणी के षिक्षकों में काफी रोश है। इसलिए संगठन मांग करता है कि तृतीय श्रेणी षिक्षकों के स्थानांतरण अविलम्ब किए जाए। षिक्षकों को बीएलओ सहित अन्य गैर षैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखा जाए। समस्त राज्य कर्मचारियों को 8, 16, 24, 32 वर्श की सेवा पर एसीपी का लाभ दिया जाए। षिक्षा विभाग में तीन वर्शों से विभिन्न पदों की डीपीसी बकाया है।

## मेडिकल कॉलेज में पौधारोपण

**करौली।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने मंडरायल रोड पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने मेडीकल कॉलेज का निरीक्षण कर आरएसआरडीसी और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान जिला कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश आमजन को दिया इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ0 रमेश मीणा,करौली हॉस्पिटल पीएमओ डॉ0 दिनेश गुप्ता, आरएसआरडीसी पीडी सियाराम चंद्रावत,सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने डीन कार्यालय,क्लास रूम का निरीक्षण किया।

# एबीवीपी की न्याय यात्रा आज से

**करौली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदेश में बढ़ते महिला अत्याचार और पेपर लीक प्रकरण को लेकर 3 अगस्त से न्याय यात्रा शुरू होगी जिसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को पोस्टर का विमोचन किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से शहर के शिव अशोका गार्डन में बैठक और प्रेस वार्ता आयोजित हुई आज 3 अगस्त गुरूवार को करौली से शुरू होने वाली न्याय यात्रा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पैदल ही जयपुर के लिए कूच करेंगे पदयात्रा शुभारंभ पर करौली में एक आम सभा का भी आयोजन होगा इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री यज्ञ बल्लभ शामिल होंगे।

न्याय यात्रा के 10 अगस्त को जयपुर पहुंचने पर विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा न्याय यात्रा के पोस्टर का कार्यक्रम के दौरान विमोचन किया गया एबीवीपी के होशियार सिंह,रविंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी,भ्रष्टाचार के साथ-साथ महिला उत्पीड़न और पेपर लीक को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

इसके लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा करौली से न्याय पदयात्रा निकाली जाएगी 3 अगस्त को करौली से रवाना होने वाली न्याय पदयात्रा 10 अगस्त को जयपुर पहुंचेगी पदयात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए छात्र और युवा हर समय साथ रहेंगे पदयात्रा के गुजरने वाले मार्ग में भी स्थानीय युवा और छात्र समय-समय पर न्याय पद यात्रा में शामिल होंगे रास्ते में पड़ने वाले शहरों में आम सभा का भी आयोजन होगा होशियार सिंह ने बताया कि न्याय पदयात्रा का प्रथम पेज है आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे न्याय यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के स्वागत सत्कार से भी परहेज किया जाएगा।

## 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को आरबीएम चिकित्सालय में राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक सत्यवीर सोगरवाल और विद्या माली के नेतृत्व में नर्सेज की लंबित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सुबह 8 बजे से 10 तक चिकित्सालय के द्वार पर 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया। इस मौके पर वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी कौशलेश शर्मा, हेमंत फौजदार और प्रदीप शर्मा ने बताया कि जब तक नर्सेज की 11 सूत्रीय मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नर्सेज अपनी मांगों को लेकर काफी समय से आंदोलनरत है। लेकिन सरकार के द्वारा मांगों पर उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है। सरकार की उदासीनता के चलते प्रदेश भर की नर्सेज में रोष व्याप्त है। इस मौके पर वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी भंवर सिंह सागर, अजीत चौधरी, संगीता, आरती, तनु, लव-कुश, धर्मवीर, पवन सहित काफी नर्सेज कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना

**भरतपुर** (निस)। भाजपा नेता यश अग्रवाल एवं उनकी टीम के नेतृत्व में एक अगस्त को भाजपा की ओर से जयपुर में नही सहेगा राजस्थान अभियान के तहत सचिवालय महा घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए और जयपुर से लौटते समय मेहन्दीपुर बालाजी महाराज के दर्शन कर राज्य सरकार और कांग्रेस नेताओं सद्बुद्वि देने तथा प्रदेश की जनता की समस्या व सुरक्षा प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ उन्होने सचिवालय महा घेराव कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस व जयपुर प्राासन ने तानाशाही रवैया और पुलिस के वॉटर केनन से पानी की बौछार कर बल प्रयोग करने की कडे शब्दों में निन्दा की। उन्होने कहा कि राजस्थान का प्रत्येक वर्ग अब कांग्रेस से शासन से परेशान हो चुका हैं और राज्य में भष्ट्राचार, पेपर लीक, दुष्कर्म, हत्या, बेरोजगारी, महंगाई, महिला उत्पीडन, किसान व युवाओं पर अत्याचार आदि का ग्राफ साल 2018 से आज बहुत तेजी से बढा और इन सबसे प्रदेश की जनता उब चुकी है। उन्होने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की जनता की समस्या दूर करने के उद्देश से नही सहेगा राजस्थान अभियान की शुरूआत की और एक अगस्त को जयपुर में सचिवालय का महा घेराव किया। नही सहेगा राजस्थान अभियान और जनता की कांग्रेस विरोधी भावना को देख कांग्रेस चिन्तित नजर आती है। उन्होने कहा कि राजस्थान में साल 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सफाया और आगामी सरकार भाजपा की बना सुनिश्चित है। यश अग्रवाल के नेतृत्व में भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से करीब 250 भाजपा कार्यकर्ता महा घेराव कार्यक्रम में जयपुर गए,जहां से लौटते समय महेन्दीपुर बालाजी के दर्षन करने के बाद राज्य सरकार और कांग्रेस नेताओं सद्बुद्वि देने की प्रार्थना की।

# बजरंग दल ने आतंकवाद का पुतला दहन किया




**बजरंग दल ने सह जिला संयोजक शुभम सैंथरा के नेतृत्व में पुतला दहन किया।**

**भरतपुर** (निस)। बजरंग दल के सह जिला संयोजक शुभम सैंथरा के नेतृत्व में मेवात क्षेत्र के नूंह में पाण्डव कालीन प्राचीन नल्लहडं शिव मंदिर की धार्मिक यात्रा पर पथराव व हिंसा के विरोध में बजरंग दल ने लक्ष्मण मंदिर पर आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खण्डेलवाल ने भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना से देष के प्रत्येक हिन्दू को यह शिक्षा मिलती है कि सहनशीलता तभी दिखाऐं जब उसकी आवश्यकता हो, अगर देश धर्म पर बात आ जाये तो मर मिटने के लिये भी प्रत्येक हिन्दू को तैयार रहना है। विभाग मंत्री सिद्धार्थ फौजदार ने कहा कि हिन्दुओं को आने वाले समय में हर प्रकार से तैयार रहने की आवश्यकता है। षहर मंत्री लखन शर्मा ने भरतपुर के युवा बजरंगियों को उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रत्येक दिन हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे और अपनी सुरक्षा स्वंय आप करेंगे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लाखन पहलवान, श्यामसुन्दर गुप्ता, ओमप्रकाष फौजदार, अमित चौधरी, रामअवध बघेल, लखन शर्मा, मोहित सिंह, अर्जुन गुर्जर, हीरा गुर्जर, तनुज दीक्षित, आकाश कूम्हां, यष, विनीत, राहुल, अनूप, अमित, षिवम, समीर, लोकेन्द्र बघेल आदि मौजूद थे।

## उपकारागृह का निरीक्षण

**गंगापुर सिटी।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर श्रीमती श्वेता गुप्ता के द्वारा उपकारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण किया गया। साथ ही व्यवस्थाओं का जायजा लेकर उपकारागृह के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। सचिव ने निरिक्षण के दौरान उपकारागृह में कीटनाशक का छिडकाव, सीवरेज, बंदियों को कैंटीन की सुविधा, सूखे व गीले कचरे के अलग-अलग निस्तारण, जेल में विजिटर्स रूम, रसोई घर, बैरको में साफ-सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाए, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों से पूछताछ, बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, पीने के पानी की सुविधा, रसोई घर एवं बैरकों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जांच की। साथ ही उपकारागृह में उपस्थित बंदियों को नशा मुक्ति रोकथाम एवं दुष्प्रभावों के संबंध में भी जागरूकता प्रदान की। समाज में युवा पीढी में बढ रहे नशे की लत के बारे बताया।

निरीक्षण के दौरान उप कारागृह गंगापुर सिटी में उपकारापाल सुखबीर सिंह, संतोष कुमार, मन्नालाल अन्य स्टाफ उपस्थित था।

# हाईवे सड़क की अधिकारी नहीं ले रहे सुध



**करौली में हाईवे की सड़क पर जगह-जगह हो रहे गहरे गड्ढों से हर समय हादसों का डर बना रहता है।**

**करौली।** जिला मुख्यालय स्थित शहर के बीचो बीच होकर निकल रहे एनएच 11वीं सडक मार्ग पर हो रहे गहरे गड्ढे और फुटपाथ पर हो रहे अवैध अतिक्रमणों की जिला मुख्यालय पर बैठे जिले के आला अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं जिनसे आए दिन दुर्घटनाओं का लोगों में भय व्याप्त है।

इसे जिला मुख्यालय स्थित शहरवासियों का दुर्भाग्य माने या जिला मुख्यालय पर बैठे जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों के आला अधिकारियों की अनदेखी माने क्योंकि जिला मुख्यालय स्थित शहर के बीचो-बीच होकर मैगजीन तिराहे से लेकर मासलपुर नाका चुंगी तक एनएच 11वीं सडक मार्ग पर गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं इसके अलावा इसी एनएच 11वीं सडक मार्ग के फुटपाथ पर अवैध रूप से बड़े-बड़े कारोबार चल रहे हैं इनके अलावा चाय, पकौड़ी,नाश्ता,फल फ्रूट आदि के ठेले भी अवैध रूप से जमे हुए हैं जिनसे आम राहगीर की राह दुर्गम बनी हुई है जिन गहरे गड्ढों और फुटपाथ पर हो रहे अवैध अतिक्रमण से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं उसके उपरांत भी जिला मुख्यालय पर बैठे जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों के आला अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं ना ही अवैध अतिक्रमण को हटाने की सुध ले रहे हैं ना ही सडक मार्ग पर जगह-जगह हो रहे गड्ढों से निजात दिला पा रहे हैं गंभीरप्रद तो यह है कि समाचार पत्रों के माध्यम से शहर की आम जनता की समस्याओं से खूब अवगत कराया जा रहा है लेकिन यहां तो अधिकारी समाचार पत्रों मे प्रकाशित जन समस्या की खबरो को भी नजरअंदाज कर बैठे हुए हैं।

## कामां एवं पहाडी तहसील में धारा 144 लागू

**भरतपुर** (निस)। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर लोक बंधु ने आदेश जारी कर हरियाणा राज्य के नूंह मेवात जिले में ब्रज मण्डल यात्रा के दौरान आगजनी, लूटपाट व पत्थरबाजी से कानून व्यवस्था स्थिति बिगडने का दृष्टांत को दृष्टिगत रखते हुए नूंह मेवात के समीपवर्ती जिले की तहसील कामां, पहाडी में शांन्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं जानमाल की सुरक्षा किये जाने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत कामां एवं पहाडी तहसील में निषेधाज्ञा लागू की। जिला मजिस्ट्रेट लोक बंधु ने बताया कि जिले की तहसील कामां एवं पहाडी में किसी भी प्रकार के जुलूस, रैली इत्यादि बिना अनुमति के प्रतिबंधित रहेगी।

सभी प्रकार के भीड-भाड़ वाले सार्वजनिक एवं धार्मिक समारोह के आयोजन से पूर्व संबंधित मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य है। उक्त निषेधाज्ञा पूर्व में चल रही धार्मिक यात्राओं, ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा तथा शहरी एवं ग्रामीण ओलम्पिक एवं अन्य राजकीय आयोजनों पर लागू नहीं होंगी।

# आपसी रंजिश में बुजुर्ग महिला की कुल्हाड़ी से गला रेतकर हत्या


## घटना की मिली सूचना पर पुलिस अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा जायजा लिया

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाना क्षेत्र के गांव ढिगारला में बीती रात्रि को चल आ रही आपसी पुरानी रंजिश को लेकर अपने घर के दरवाजे के सामने सो रही एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की कुल्हाड़ी से गला रेतकर हत्या करने के आरोप का मामला सामने आया है। वहीं घटना की मिली सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार बुटोलिया, डीवाईएसपी राजगढ इस्लाम खान, राजगढ़ सीआई सुभाष चन्द्र ढील व सिद्धमुख थानाधिकारी जय कुमार मय पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का जायजा लिया।

वहीं संदीप कुमार पुत्र नोरंगराम जाट निवासी ढिगारला तहसील सिद्धमुख जिला चूरू ने सिद्धमुख थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि सुल्तान, रामवीर, बलवान पुत्रगण लादूराम व अमित कुमार व मंदीप पुत्रगण रामवीर जाट निवासी ढिगारला उनके परिवार के ही हैं, जिनसे उनकी पुरानी रंजिश है तथा करीबन 20-25 साल पूर्व से पुलिस थाने में उनके आपसी मुकदमे भी चले हैं तथा 18 अप्रेल को सुल्तान पुत्र लादूराम ने उसके व उसके भाईयों एवं भाई के पुत्र के खिलाफ 376 का झूठा मुकमदा भी पुलिस थाना सिद्धमुख में करवाया था, जिसमें पुलिस ने एफआर लगा दी। लेकिन 5 जुलाई को उक्त सुल्तान ने उनके सीर सांझे के खेत में बने कुण्ड में व मटकों में जहर मिला दिया था।

जिसका 6 जुलाई को सिद्धमुख थाने में मामला दर्ज करवाया गया था, जो जैर अनुसंधान में हैं, लेकिन 20 अप्रेल को उसके ताउ के लड़के राजेन्द्र ने उक्त सुल्तान व बलवान के विरूद्ध जान से मारने की धमकी बाबत सिद्धमुख थाने में प्रार्थना पत्र दिया था तथा आज से 5-7 रोज पहले संदीप पुत्र रामवीर व सुल्तान पुत्र लादूराम ने उसके भाई माँगेराम को एवं उनके पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी।

आरोप है कि 2 अगस्त को रात्रि को सुल्तान, रामवीर, बलवान पुत्रगण लादूराम व अमित, मंदीप पुत्रगण रामवीर निवासीगण ढिगारला उनके घर के आगे आये व उसकी ताई वेदकोर पत्नी हनुमान जो कि उनके घर के सामने ही अपने दरवाजे के आगे सोई हुई थी, जिसके सुल्तान ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया तथा ताई के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह अपने घर के आगे बने चुबतरा पर सोया हुआ था चिल्लाने की आवाज सुनकर उसने देखा तो आरोपी सुल्तान उसकी ताई की कुल्हाड़ी से हमला कर रहा था। उसने हल्ला मचाया तो उसका भाई मांगेराम पुत्र हनुमान व राजेश पुत्र गिरधारी भी मौके पर आ गये तथा सभी ने शोर मचाया तो पांचों लोग मौके से फरार हो गये। सिद्धमुख थाना पुलिस ने हत्या के आरोप सहित अन्य धाराओं के तहत का मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।



मोर्चरी के बाहर पोस्टमार्टम कार्यवाही के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# कार में आये दबंगों ने होटल में जमकर तोड़फोड़ की

## होटल मालिक को डराया-धमकाया, मुकदमा दर्ज



होटल में तोड़-फोड़ करते कार सवार युवक।

**बीदासर,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम साण्डवा में सोमवार की रात्रि में बिना नम्बरी कार में सवार दबंगों ने एक होटल में तोड़-फोड़ की और होटल मालिक को डराया-धमकाया जिसका मुकदमा होटल मालिक ने मंगलवार की शाम पुलिस थाना साण्डवा में दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुसार होटल मालिक ने थाने में रिपोर्ट दी कि मैं साण्डवा बस स्टेण्ड पर भोजनालय व मिठाई की दूकान चलाता हूँ। 31 जुलाई को रात्रि करीब सवा दो बजे मेरी होटल के पास एक बिना नम्बर की फोर्चुनर गाड़ी आकर रुकी जिसमें से एक लड़का मुंह पर गमछा बांधे हुए उतरकर मेरी होटल के अंदर आया जिसने अपना नाम करतार सिंह पुत्र पृथ्वीसिंह निवासी ठाम जान्दवा तहसील रतनगढ़ बताया तथा दो-तीन लड़के फोर्चुनर गाड़ी के अन्दर ही बैठे रहे। करतार सिंह ने मेरी होटल के काउंटर पर आकर मेरे लड़के नरेन्द्र से रजनीगंधा मांगा, तो मेरे लड़के ने रजनीगंधा का छोटा पाउच दिया। तब करतार सिंह ने बड़ा पाउच मांगा जिस पर मेरे लड़के ने होने से मना कर दिया। करतार सिंह ने नशा किया हुआ था और उसने कहा कि मुझे तो रजनीगंधा का बड़ा पाउच दे वरना जान से मार दूंगा। इतना कहकर करतार सिंह फॉर्चुनर गाड़ी से लोहे का रॉड निकाल कर लाया और मेरे पुत्र को जान से मारने की नियत से हमला कर दिया और होटल के काउंटर को रॉड से तोड़ने लगा।

होटल मालिक ने बताया कि उसने मेरी हॉटल के शीशे के सभी काउंटर तोड़ दिये और मेरी लाखों रुपये की मिठाई बर्बाद कर दी। फिर उसने रॉड से मेरे पुत्र नरेन्द्र को मारने की कोशिश की तो नरेन्द्र पीछे हट गया तब करतार ने गाड़ी में बैठे अपने दोस्त को आवाज लगाई कि राजू गाड़ी से तेरे वाली पिस्तौल निकालकर ला। तब गाड़ी से एक लड़का उतर कर करतार के पास आया तभी मेरी पत्नी लीला देवी हल्ला सुनकर होटल के काउंटर पर आ गई। तब करतार और उसके दोस्तों ने धमकी दी कि होटल में रहने वालों को जान से मार देंगे। होटल में बस के इंतजार में बैठे एक यात्रि को भी करतार ने धमकी दी कि काउंटर के पास आ गया तो तेरे हाथ-पैर तोड़ दूंगा। इतना कहकर करतार व उसके साथी फोर्चुनर गाड़ी लेकर चले गये। मुझे मेरे पुत्र नरेन्द्र ने फोन कर बुलाया तब मैं होटल आया तो मुझे सारी घटना बताई तब मैनें मेरे होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किये तो पूरी घटना सीसीटीवी में आ गई। पुलिस ने होटल मालिक की रिपोर्ट पर धारा 427, 457, 504, 34 भा.द.स. मुकदमा दर्ज कर जांच कैलाश एससी को सुपुर्द की है।

# सांसद भागीरथ चौधरी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की

## सांसद भागीरथ चौधरी ने क्षेत्र के विकास कार्यों की रखी मांग

**अजमेर,** (कासं)। लोकसभा में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण कार्यों को ले कर चर्चा की और इन महत्वपूर्ण कार्यो की शिघ्र स्वीकृति की मांग सड़क परिवहन मंत्री से की। सांसद चौधरी ने इस सम्बंध में केंद्रीय मंत्री को लिखित पत्र भी प्रेषित किये है।

चौधरी ने सिलोरा, श्रीनगर, दिलवाड़ा, बान्दनवाड़ा एवं संजयनगर, बरल द्वितीय में निर्माणाधीन हाईवे पर ग्रामवासियों की मांग पर जनहित में नवीन ओवरब्रीज एवं आरीवाल पुलिया निर्माण , फ्लाईओवर की आवश्यकता से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया , और इसी वितीय वर्ष में उनकी स्वीकृति हेतु आठाह किया।



अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर लिखित पत्र सौंपा।

सांसद भागीरथ चौधरी ने बताया कि अजमेर पुष्कर टनल की मांग काफी समय से पत्रों के माध्यम से रखी जा रही थी आज उनसे व्यक्तिश: मिल कर अजमेर पुष्कर सड़क मार्ग के मध्य स्थित पुष्कर घाटी में टनल निर्माण की आवश्यकता बताई।

राष्ट्रीय राजमार्ग-8 बान्दरसिन्दरी से राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय तक सर्विस एप्रोच रोड के निर्माण के लिए चालू वित्तीय स्वीकृति जारी कराने और किशनगढ़ से हनुमानगढ़ तक मेगा हाईवे को चालू बजट वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर विकसित कराने , स्टेट हाइवे संख्या 2 दौसा दूदू-नागौर को बजट वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय राजमार्ग में क्रमोन्नत करने बाबत् एवं स्टेट हाइवे संख्या 26 नसीराबाद-केकड़ी-देवली को चालू बजट वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय राजमार्ग में क्रमोन्नत करने का आठाह भी अजमेर सांसद ने केंद्रीय मंत्री से किया , इस पर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी मांगो पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# नैक्सा एवरग्रीन के खिलाफ एक और केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। निवेश के नाम पर बड़ा मुनाफा देने का प्रलोभन देने वाली गुजरात के अहमदाबाद की नैक्स एवरग्रीन के खिलाफ एक और केस फाइल हुआ है। जोधपुर के पीड़ित से 17 लाख की ठगी होना बताया गया है। पीड़ित ने अदालत की शरण लेकर उदयमंदिर थाने में धोखाधड़ी में केस दर्ज करवाया है। मूलतः मेलावास बावड़ी हाल राइका बाग कांकरिया सदन निवासी मांगूसिंह की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। इसमें उन्होंने पुलिस को बताया कि उसने जनवरी 23 में नैक्सा एवरग्रीन धोलेरा गुजरात की कंपनी से संपर्क किया था। कंपनी ने प्रति मंगलवार को लाभांश देने का वादा कर उससे 17 लाख का निवेश करवाया। मगर बाद में ना तो मुनाफा दिया गया और ना ही रकम लौटाई गई । कंपनी प्रतिनिधियों ने उससे 17 लाख ऐंठ लिए। उदयमंदिर पुलिस ने इस बारे में अब नैक्सा एवरग्रीन के प्रतिनिधियों, प्रबंधक, सुभाष बिजारनिया, रणवीर बिजारनिया, बीरबल आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 11 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को दबोचा

**मंडावा,** (निसं)। जमीन पर कब्जा करने के प्रयास मामले मे 11 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी बलजीत सिंह को पुलिस ने बुधवार को सुबह गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन ने बताया कि एसपी श्याम सिंह के निर्देशन व डिप्टी ग्रामीण रोहिताश देवेंदा के सुपरविजन में गठित टीम ने वारंटी को पकड़ने में सफलता हासिल की।

मंडावा थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल एएसआई सज्जन सिंह मीणा, कॉन्स्टेबल मुल्तानाराम, पपेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार ने बुधवार को वर्ष 2012 के एक मामले में फरार चल रहे स्थाई वारंटी बलजीत सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह को उसके गांव दिसनाऊ, थाना बलारा जिला सीकर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। वारंटी बलजीत सिंह के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट झुंझुनू द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ था। पुलिस को काफी समय से इस आरोपी की तलाश थी। जब कभी घर आता तो रात्रि में आता और सुबह जल्दी गायब हो जाता लेकिन इस बार पुलिस के मजबूत मुखबिर तंत्र के चलते मंडावा पुलिस की टीम से नहीं बच पाया और भागने से पहले ही उसको दबोच लिया गया।

# उपचार के दौरान एक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाने के गांव चेनपुरा बडा की रोही में अपने खेत की फसल में दवा का छिड़काव करते समय चेनपुरा बडा निवासी एक युवक की जहरीली दवा के प्रभाव से उपचार के दौरान मौत हो गई। सिद्धमुख थानाधिकारी जय कुमार ने बताया कि सुमेर सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 50 साल निवासी चेनपुरा बडा ने सिद्धमुख थान में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसका पुत्र संदीप सिंह एक अगस्त को उनके खेत में फसल में दवा का छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान जहरीली दवा के प्रभाव से वह बेहोश हो गया।

# फौजी ने ही पत्नी और मासूम की हत्या कर जलाया था

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में गत 30 जुलाई (रविवार) को आर्मी एरिया में सेना के एक जवान ने ही पत्नी और दो साल की मासूम की हत्या कर जला दिया था। अपने आप को कानून से बचाने के लिए वह पुलिस को गुमराह कर करंट लगने की झूठी कहानी बनाता रहा।

मंगलवार को हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट से आरोपी की हैवानियत का पता लगा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पहले उसने पत्नी को गला घोंट कर मार डाला था। इससे पहले दोनों ने शराब भी पी थी। हालांकि, आरोपी सेना का जवान रामप्रसाद अब भी पुलिस को हत्या का कारण नहीं बता रहा है। वह केवल एक ही बात दोहरा रहा है कि शराब के नशे में उसने ऐसा कर दिया था। रामप्रसाद से लंबी पूछताछ के बाद भी पुलिस हत्या के कारणों का खुलासा नहीं कर पाई है। वह लगातार बयान बदल रहा है। पुलिस पूछताछ में रामप्रसाद ने बताया था कि हत्या से पहले उसने और पत्नी रुक्मीना (25) ने साथ में शराब पी थी। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि पत्नी और 2 साल की बेटी रिद्धिमा को पहले आरोपी ने गला घोंटकर मारा और फिर एक से डेढ़ घंटे बाद दोनों को जलाया।

पुलिस को गुमराह करने के लिए पेट्रोल डालकर बच्ची और पत्नी के हाथ-पैर अच्छे से जलाए, जिससे लगे कि वो इलेक्ट्रिक शॉक से जलकर मरी हैं। इतना ही नहीं दोनों को जलाने के बाद रामप्रसाद ने वहां कूलर के तार को भी जलाया, ताकि मौके पर शॉर्ट सर्किट जैसा लगे। आरपीएस मीनाक्षी ने बताया कि घटना के तीन दिन बाद मंगलवार को महिला के माता-पिता और बहन और परिजन जोधपुर पहुंचे। महिला और बच्चे का आर्मी, पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# लाखों रुपए हड़पने का आरोप

**भीलवाड़ा,** (निसं)। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के विजय सिंह पथिक नगर की एक महिला ने अपने सास-ससुर पर करीब 48 से 50 लाख रुपये हड़प लेने का आरोप लगाया है। यह राशि परिवादिया के एमआर पति की मौत के बाद शिप्ला कंपनी से मृत्यु उपरांत होने वाले परिलाभ व बीमा की थी, जो परिवादिया के फर्जी हस्ताक्षर कर हड़प ली गई।

पुलिस ने बताया कि विजय सिंह पथिक नगर निवासी रचना सुवालका पत्नी स्व. निलेश सुवालका ने सुभाषनगर थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पति का 25 जनवरी 23 को स्वर्गवास हो चुका है। वे, शिप्ला कंपनी में एमआर के पद पर कार्यरत थे। रचना का आरोप है कि उसके पति की मृत्यु के बाद ससुर कृष्ण गोपाल व सास मंजू देवी ने आपस में सांठगांठ कर सही तथ्य छुपा कर परिवादिया के फर्जी व जाली हस्ताक्षर करते हुए शिप्ला कंपनी से मृत्यु उपरांत होने वाले परिलाभ व बीमा राशि करीब 48 से 50 लाख रूपये प्राप्त कर हड़प लिये। रचना ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसके पीहर में रहने के दौरान ही ससुर व सास ने उसके फर्जी हस्ताक्षर और शपथ पत्र तैयार करवाकर शिप्ला कंपनी को पेश कर पति के नाम से मोटी रकम क्लेम पास करवाकर हड़प गये। परिवादिया ने रोकने की कोशिश की तो ससुर ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने रचना की रिपोर्ट पर अपराध धारा 406, 420, 323, 341, 120 बी आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने पांच सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया

**शाहपुरा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिला शिक्षा अधिकारी महावीर कुमार शर्मा ने बुधवार को शाहपुरा क्षेत्र के 5 सरकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सीडीईओ शर्मा ने क्षेत्र के राउप्रावि रघुनाथपुरा, राउप्रावि कलिंजरी, राउमावि माताजी का खेड़ा, राउप्रावि अटाली का खेड़ा व स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा का निरीक्षण कर स्थिति की जानकारी ली। यहां इन्होंने नवप्रवेशित बच्चों की स्थिति, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया व पोषाहार के स्तर को जांचा तथा साफ सफाई व्यवस्था व शिक्षकों की कमी को देखकर रिपोर्ट तैयार की। राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा में शर्मा ने कक्षा-कक्षों में विद्यार्थियों से सीधा संवाद भी किया। यहां इन्होंने कंप्यूटर कक्ष में विद्यार्थियों से कंप्यूटर के बारे में सवाल जवाब भी किए। सभी विद्यालयों में शर्मा ने नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया।

शर्मा ने बुधवार को शाहपुरा ब्लॉक में राउप्रा विद्यालय रघुनाथपुरा (मिंडोलिया) का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीडीईओ शर्मा जब विद्यालय पहुंचे तब लंच टाइम चल रहा था और बच्चे पोषाहार खा रहे थे। सीडीईओ ने पोषाहार में मीनू के अनुसार बनाई गई दाल रोटी मंगवा कर अवलोकन किया। शर्मा ने विद्यालय नामांकन की जानकारी लेकर नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। सीडीईओ ने विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं दुग्ध वितरण, पुस्तकालय, एबीएल किट, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, सेनेटरी नैपकिन इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। शर्मा ने कक्षा आठ के बच्चों का शैक्षिणक स्तर भी जांचा, बच्चों से प्रश्न उत्तर किए और संतोष जाहिर किया। पेयजल व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। बरसात के मौसम में विद्यालय आंगन में उग चुकी खरपतवार को साफ करवाने के निर्देश प्रदान किए।

# बीस अपराधी गिरफ्तार



कोटपूतली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**कोटपूतली,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान के तहत जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार के निर्देशन व कोटपूतली-बहरोड़ जिले की पुलिस ओएसडी रंजिता शर्मा के सुपरविजन में कोटपूतली सीओ सर्किल में एएसपी विधा प्रकाश व डीएसपी मदन लाल जैफ के नेतृत्व में हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों, विभिन्न प्रकरणों में वांछित अभियुक्तों, स्टेडिंग वारन्टियों, असामाजिक तत्वों व अपराधियों को सोशियल मीडिया पर लाईक, शेयर व फॉलो करने वाले बदमाशों के साथ-साथ लूट, डकैती, चोरी, नकबजनी, फायरिंग व विभिन्न मामलों में वांछित अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान धरपकड़ निरन्तर जारी है।

बुधवार को कोटपूतली पुलिस की टीम ने एसएचओ राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर आबकारी अधिनियम के तहत दो प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अशोक, विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया। वहीं हिस्ट्रीशीटर अपराधी अशोक एवं टीटू उर्फ लालाराम को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार शक्तिमान, राजू (35) पुत्र रामसिंह सैनी, शंकर लाल, राजू (25) पुत्र मंगनाराम बावरिया, इन्द्र, धर्मवीर, विक्रम, रामकरण, बाबूलाल, लीलाराम, कन्हैया लाल, सत्यपाल, विनोद, कमल, राकेश, अंकित को गिरफ्तार किया है।

# पंचायत समिति कार्यालय के मुख्य दरवाजे पर एकत्रित गंदे पानी से परेशानी

## बीडीओ शर्मिला छल्लाणी का दर्द छलका, ना एसडीएम सुनते ना ही कलैक्टर

**चूरू,** (कासं)। चूरू पंचायत समिति कार्यालय के मुख्य दरवाजे पर एकत्रित गंदा पानी कर्मचारियों सहित आमजन के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। इस संबंध में आज विकास अधिकारी शर्मिला छल्लाणी ने एक भेंट वार्ता में कहा कि यहां एकत्रित पानी की समस्या का समाधान करवाने के लिए एसडीएम और कलैक्टर को लिखित में अवगत करवा दिया है। उसके बाद भी नगरपरिषद द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रह है।

विकास अधिकारी शर्मिला छल्लाणी ने कहा कि आज फिर से पत्र लिखकर समस्या का समाधान करवाएंगे। यहां एक अन्य कर्मचारी ने कहा कि नगरपरिषद कोई सुनवाई ही नहीं कर रही है। इसी प्रकार यहां दुकान आंवटित करने के नाम पर सरकार को हुए राजस्व के नुकसान के बारे में विकास अधिकारी ने कहा कि एक मानवीय भूल के कारण दुकानों के आंवटन की विज्ञप्ति को रद्द किया गया है जो विज्ञप्ति जारी की गई थी, उसमें कई कमियां रह गई थी। अब पुनः विज्ञप्ति जारी की जावेगी। यहां विज्ञप्ति जारी करने और उसको निरस्त करने के नाम पर सरकार को राजस्व का घाटा तो हुआ है। यहां लोगों ने कहा कि पंचायत समिति वाले अपने चहेतों को ही गुपचुप में दुकान आंवटित करवाना चाहते थे। बड़ी संख्या में आवेदन आने के कारण उनकी योजना सफल नहीं हो सकी। इस कारण दुकान आंवटन के कार्य को ही निरस्त कर दिया गया है।

इस संबंध में विकास अधिकारी छल्लाणी ने कहा कि सरकार को जो घाटा हुआ है, उसे वो अपनी तनख्वा से भर देंगी। इसी प्रकार गत दिनों पंचायत समिति में दिव्यांगों के लिए लगाए गए शिविर में व्याप्त अनियमितताओं के संबंध में उन्होंने कहा कि खुद मैंने बारह बजे चिकित्सक को फोन करके यहां बुलाया था।

कुल मिलाकर यहां प्रशासन की सतर्कता की पोल खुलकर सामने आ रही है। क्योंकि यहां उच्च अधिकारी बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वे और ही किसी उधेड़बुन में लगे रहते हैं। आमजन की परेशानी से उन्हें कोई मतलब नहीं है। उनका सिट्टा तो सिक ही रहा है।



चूरू पंचायत समिति कार्यालय के मुख्य दरवाजे पर एकत्रित गंदा पानी जी का जंजाल बना हुआ है।

- दुकान आंवटित करने के नाम पर सरकार को किया राजस्व का नुकसान
- अपने चहेतों को ही गुपचुप में दुकान आंवटित करवाना चाहते थे

# गुढ़ा बोले : मुझे जेल में डाला तो ''वन्स अपोन ए टाइम, देयर वॉज ए अशोक गहलोत''

## गुढ़ा ने सार्वजनिक किए कथित लाल डायरी के पन्ने, वैभव गहलोत, भवानी सामोता, मुख्यमंत्री के सचिव का जिक्र

- **पन्नों को धीरे-धीरे खुलासा करता रहूंगा, पता चल सके कि क्या कुछ कारनामे सरकार में किए जाते हैं**
- **कांग्रेस है कहां, यहां तो गहलोत कांग्रेस है, जिनकी एक जेब में प्रभारी रंधावा, तो एक में डोटासरा है, हाईकमान भी कमजोर है : गुढ़ा**

**जयपुर**, (का.प्र.)। अशोक गहलोत मंत्रिमंडल से बर्खास्त होनेके बाद राजेंद्र गुढ़ा ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सियासी भूचाल लाने वाली लाल डायरी के कथित तौर पर तीन पन्ने सार्वजनिक करते हुए दावा किया है कि इन पन्नों में मुख्यमंत्री के करीबी राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने अपनी लिखावट से मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भवानी सामोता सहित अन्य लोगों से लेन-देन का जिक्र किया है।

इसी के साथ गुढ़ा ने कहा है कि मैं सरकार को नहीं सरकार मुझे ब्लैकमेल कर रही है। गुढ़ा ने दावा किया कि इस डायरी में मुख्यमंत्री के करीबी धर्मेंद्र राठौड़ की ही हैंडराइटिंग है। डायरी के कुछ पन्ने मिसिंग हैं, लेकिन मेरे पास जो पन्ने हैं, वह मैं जारी करूंगा।

डायरी में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के लेन-देन की बातें कोडवर्ड में हैं और वैभव गहलोत सहित मुख्यमंत्री के सचिव को लेकर भी बातें लिखी गई हैं। गुढ़ा ने जो पन्ने सार्वजनिक किए हैं उसमें लिखा है कि ''वैभवजी और मेरी दोनों की आरसीए चुनाव खर्चे को लेकर चर्चा हुई कि किस तरह भवानी सामोता तय करके भी लोगों के पैसे नहीं दे रहा है।''

वहीं यह भी लिखा है कि ''घर पर राजीव खन्ना और भवानी सामोता आए, आरसीए चुनाव का हिसाब किया। भवानी सामोता ने ज्यादातर लोगों से जो वादा किया है वो पूरा नहीं किया है। मैंने कहा यह ठीक नहीं है। आप इसे पूरा करो तो भवानी सामोता ने कहा कि मैं सीपी साहब की जानकारी में डालता हूं। फिर आपको 31 जनवरी तक बताता हूं''

वहीं इसी के साथ यह भी लिखा है कि ''सीएम के पीएस को भी फोन किया और कहा कि आरसीए वाला हिसाब कर दो, मुझे जरूरत है। उन्होंने कहा कि सीएम से बात कर बताऊंगा।

उन्होंने कहा कि मेरे पास जो लाल डायरी है उसमें धर्मेंद्र राठौड़ की हैंडराइटिंग है और उसमें क्या कुछ लिखा है, यह तो 3 पन्ने ही मैंने उजागर किए हैं। उन्होंने कहा कि आरसीए के सचिव भवानी समोता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के करीब भी है। उन्होंने कहा कि डायरी के पन्नों पर कोडवर्ड में भाषा लिखी हुई है, जिसमें आरसीए के लेन-देन का हिसाब-किताब है।

मीडिया से बात करते हुए राजेंद्र गुढ़ा ने आशंका प्रकट की है कि सरकार मुझे जेल में डाल सकती है। मैं इस डायरी को विधानसभा में टेबल करना चाहता था, जो नहीं करने दी। उन्होंने कहा कि मैं इस डायरी के पन्नों को धीरे-धीरे खुलासा करता रहूंगा। आज 3 पन्ने जारी किए हैं और आने वाले समय में बाकी पन्ने भी जारी करूंगा, जिससे कि यह पता चल सके कि क्या कुछ कारनामे सरकार में किए जाते हैं। राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि कांग्रेस है कहां, यहां तो गहलोत कांग्रेस है। सीएम की एक जेब में प्रभारी रंधावा हैं, तो एक जेब में डोटासरा हैं। हाईकमान भी कमजोर है। अगर मुझे सरकार ने जेल में डाला तो सरकार के समाचार समाप्त हो जाएंगे, लोग कहेंगे वन्स अपोन ए टाइम, देयर वॉज ए अशोक गहलोत। राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री मेरे बेटे के जन्मदिन पर मेरे घर गए थे, तब 50-60 हजार लोगों के बीच बोल कर आए थे कि गुढ़ा नहीं होता, तो मैं मुख्यमंत्री नहीं होता। अब अचानक गुढ़ा में क्या खराबी हो गई? मैं रंधावा से पूछना चाहता हूं कि बहन-बेटियों की सुरक्षा की बात करके क्या गलत किया? किस बात की माफी मांगू मैं?

गुढा ने यह भी कहा कि मेरे खिलाफ रोजाना नए मुकदमे हो रहे हैं। एक मुकदमा आज हो रहा है, एक मुकदमा 2 दिन बाद हो रहा है। जिस तरह से मेरे खिलाफ यह केस कर रहे हैं, मैं भी रणनीति के तहत स्टेप बाय स्टेप डायरी के पन्ने जारी करूंगा। सरकार को ब्लैकमेल करने के सवाल पर गुढ़ा ने कहा कि अगर 15 साल से मैं इनको ब्लैकमेल कर रहा हूं तो मैंने उनसे क्या-क्या ले लिया, यह बताते क्यों नहीं?

# संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का प्रसार हो : मिश्र



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राजभवन में संस्कृति युवा संस्था की ओर से संविधान को पढ़ो और जिओ अभियान की शुरुआत करते हुए मुद्रित संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य संदेश का लोकार्पण भी किया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि भारतीय संविधान भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। संविधान सांस्कृतिक ग्रंथ है और इसके बारे में सभी को समुचित जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह जब राज्यपाल के रूप में राजस्थान आए तब इस बात को अनुभूत किया कि संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के बारे में बहुत अधिक जानकारी लोगों को नहीं है। इसे महसूस करते हुए ही संविधान-संस्कृति के प्रसार के लिए राजस्थान से पहल प्रारम्भ की गयी।

राज्यपाल मिश्र ने बुधवार को राजभवन में संस्कृति युवा संस्था द्वारा संविधान को पढ़ो और जिओ अभियान की शुरुआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने संस्कृति युवा संस्था द्वारा दो लाख की संख्या में मुद्रित संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य संदेश का लोकार्पण भी किया। उन्होंने संविधान के प्रति जागरूकता के लिए चलाए जाने वाले अभियान के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान देश का सर्वोच्च विधान है। इसके अर्थ की गहराई को समझे जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता क्या है, इसको भी व्यापक अर्थ में समझने की आवश्यकता है।

संस्कृति युवा संस्था के पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों की पालना की सीख के लिए संविधान जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

# लाल डायरी में है कांग्रेस के काले कारनामों की शायरी : सी.पी.जोशी

- **'अभी तो लाल डायरी के कुछ पन्ने ही खुले हैं, कांग्रेस सरकार का ब्लड प्रेशर हाई होना स्वभाविक'**
- **'क्या कारण है कि मंत्री को पहले सरकार विरोधी बाते कहने पर नहीं हटाया, लाल डायरी का जिक्र आते ही पद से हटा दिया'**

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आज प्रदेश कार्यालय में लाल डायरी पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्रीजी जिस लाल डायरी को कपोल कल्पित बता रहे थे उनके पूर्व मंत्री ने उस डायरी के पन्ने सार्वजनिक करके डायरी की वास्तविकता को बता दिया। अब मुख्यमंत्रीजी मौन क्यों हैं?

जोशी ने कहा कि सरकार के पूर्व मंत्री ने अभी तो लाल डायरी के तीन पन्ने ही खुले हैं, इसमें कई सारे राज छिपे हैं, कांग्रेस का ब्लड प्रेशर हाई होना स्वाभाविक है। प्रदेश की जनता लाल डायरी का काला सच जानना चाहती है। जब किसी मंत्री ने आपकी सरकार पर 50 प्रतिशत कमीशनखोरी का आरोप लगाया, चुनाव में हार और फोरच्यूनर जैसी गाड़ी में सारे जीते विधायक आ जाएंगे यह बोला तब पूर्व मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन जैसे ही लाल डायरी का जिक्र किया तो उन्हें मंत्री पद से क्यों हटाया।

अब उसे सलाखों के पीछे भेजने की बात की जा रही है। लाल डायरी में कहीं ना कहीं आपकी सरकार ने साढ़े चार सालों में जो भ्रष्टाचार किया है, जनता को लूटा है उसका लेखा-जोखा है, जनता लाल डायरी का काला सच जानना चाहती है। जोशी गुरूवार को श्रीगंगानगर दौरे पर रहेंगे। जहां भाजपा संगठन की प्रात: 10 बजे समन्वय समिति तथा 11 बजे भाजपा जिला कार्य समिति की जिला कार्यालय में बैठक लेंगे और 4 बजे धानमण्डी लालगढ़ में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। दोपहर 3 बजे दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता के घर शोक संवेदना के लिए जाएंगे।

# शिक्षकों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट बंदकर प्रदर्शन किया

**जयपुर**। पुरानी पेंशन बहाली के बदले नियोक्ता अंशदान राशि जमा कराने की शर्त के विरोध में राजस्थान विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालय के शिक्षक पिछले छह दिन से विरोध रहे हैं।

सरकार की ओर से सुनवाई नहीं होने पर बुधवार को शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया। शिक्षकों ने कैंपस में रैली निकाली। इसके बाद शिक्षक मुख्य गेट पर एकत्रित हुए और गेट बंद कर जेएलएन मार्ग पर आकर प्रदर्शन किया। उधर, ओल्ड पेंशन संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से कार्य बहिष्कार छठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन को समर्थन देने के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन महासचिव बने सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और शिक्षकों की मांगों का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ सरकार के अन्य कर्मचारियों की तर्ज पर देना चाहिए। राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि धरने के छठवें दिन विश्वविद्यालय में शिक्षकों ने रैली निकाली और मुख्य द्वार को बंद कर अपना रोष प्रकट किया। महासचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रदेश स्तर पर समस्त राजकीय विश्वविद्यालय पुरानी पेंशन विसंगतियों को दूर करने के लिए आंदोलनरत है। जरूरत पड़ी तो राजस्थान के समस्त कर्मचारियों को विश्वविद्यालय द्वार पर इकट्ठा किया जाएगा।

# दो शातिर नकबजन आए पुलिस गिरफ्त में

**जयपुर**। करधनी थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो शातिर नकबजनों को धर-दबोचा है और उनके पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी रात के समय सूने मकानों में नकबजनी की वारदात को अंजाम देते है और साथ ही वारदात के दौरान रेंटल लग्जरी कारों का उपयोग करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) संजीव नैन ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के शातिर नकबजन सलीम शेख उर्फ अयान (26)निवासी प्रताप नगर सांगानेर और शुभम शर्मा (23) निवासी प्रताप नगर को मनोहरपुर टोल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से चार जुलाई की रात को अपने अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर नकबजनी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है और साथ ही इनके पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन जब्त किया गया है।

आरोपियों ने पूछताछ में जयपुर शहर के अलावा देहरादून उत्तराखंड में भी नकबजनी की वारदात को अंजाम देना कबूला है। पूछताछ में सामने आया कि गैंग के सदस्य रात के समय लग्जरी रेंटल कार किराये पर लेकर दिन में चिन्हित सूने मकानों में नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपित नकबजनी से प्राप्त राषि ऐष-मोज में खर्च करते है। पूछताछ में सामने आया है कि सलीम शेख उर्फ अयान के जयपुर शहर के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक नकबजनी के प्रकरण दर्ज है व शुभम शर्मा के भी जयपुर शहर में 6 नकबजनी की प्रकरण दर्ज है। सलीम शेख गत सात माह से बाहर है एवं बाहर आने के बाद लगातार गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है एवं वारदात में शामिल अन्य नकबजनों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।


## भारत से 14 अक्टूबर को खेलने पर राजी पाकिस्तान, श्रीलंका से मुकाबला 10 अक्टूबर को

कराची, 2 अगस्त। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का बहुचर्चित मुकाबला 15 की बजाय 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा और पीसीबी अपने दो मैचों की तारीखों में बदलाव के आईसीसी और बीसीसीआई के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। पाकिस्तानी टीम अब श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में 12 अक्टूबर की बजाय 10 अक्टूबर को खेलेगी जिससे भारत के खिलाफ मैच से पहले तीन दिन का समय मिल जायेगा। नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण भारत और पाकिस्तान मैच एक दिन पहले कराया जा रहा है। आईसीसी और बीसीसीआई ने पीसीबी से उसके दो मैचों के कार्यक्रम में बदलाव के लिये संपर्क किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद जल्दी ही संशोधित कार्यक्रम जारी करेगी क्योंकि कुछ और मैचों के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। पाकिस्तानी टीम का आईसीसी विश्व कप 2023 का मौजूदा कार्यक्रम इस प्रकार है।

06 अक्टूबर : बनाम नीदरलैंड, हैदराबाद
12 अक्टूबर : बनाम श्रीलंका , हैदराबाद
15 अक्टूबर : बनाम भारत, अहमदाबाद
20 अक्टूबर : बनाम आस्ट्रेलिया, बेंगलुरू
23 अक्टूबर : बनाम अफगानिस्तान, चेन्नई
27 अक्टूबर : बनाम दक्षिण अफ्रीका, चेन्नई
31 अक्टूबर : बनाम बांग्लादेश, कोलकाता
04 नवंबर : बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरू।

## अगर भारतीय टीम हांगझोउ में नहीं जीत पाती तो ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पाकिस्तान जायेगी : टिर्की

चेन्नई, 2 अगस्त। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय पुरुष टीम अगर 23 सितंबर से शुरु होने वाले आगामी हांगझोऊ खेलों से 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में विफल रहती है तो क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। नियमों के अनुसार एशियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को सीधे ओलंपिक में जगह मिलेगी लेकिन अन्य देशों को क्वालीफायर खेलने होंगे और इस बार इनके आयोजन के स्थल के तौर पर पाकिस्तान और स्पेन की पहचान की गयी है। टिर्की ने बुधवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्राफी की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, ''हम हांगझोउ में काम पूरा (ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना) करने की कोशिश करेंगे। लेकिन अगर किसी कारण से हम क्वालीफाई नहीं कर पाते तो क्वालीफायर के लिए कुछ स्थल (पाकिस्तान और स्पेन) निर्धारित किये गये हैं। इसलिये जहां भी ये आयोजित होंगे, हम निश्चित रूप से जायेंगे।'' पाकिस्तान जाने के लिए सरकारी मंजूरी की जरूरत होती है और यह देखना होगा कि अगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि राष्ट्रीय हॉकी टीम को क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की जरूरत होगी तो केंद्र का रूख क्या रहता है। जब पूछा गया कि खिलाड़ी चीन के लिये रवाना होने से पहले एशियाई चैम्पियंस ट्राफी खेलकर खुद पर चोटिल होने का जोखिम उठा रहे हैं तो टिर्की ने कहा कि कोई खिलाड़ी ट्रेनिंग या अभ्यास मैचों के दौरान भी चोटिल हो सकता है।



# विंडीज को 200 रन से रौंदकर भारत ने श्रृंखला जीती

तारोबा, 2 अगस्त। भारत के शुभमन गिल (85) की अगुवाई में बल्लेबाज़ों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुकेश कुमार (30/3) और शार्दुल ठाकुर (37/4) की घातक गेंदबाजी की बदौलत तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज को 200 रन से रौंदकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली है। भारत ने मंगलवार को खेले गये मुकाबले में विंडीज के सामने 352 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कैरिबियाई टीम 151 रन पर ऑलआउट हो गयी। गिल के अलावा ईशान किशन (77), संजू सैमसन (51) और हार्दिक पांड्या (70 नाबाद) ने भी भारत के लिये अर्द्धशतक जड़े। इसके बाद मुकेश ने पावरप्ले के अंदर वेस्ट इंडीज के तीन विकेट मात्र 17 रन पर गिराकर उसकी जीत की संभावनाएं क्षीण कर दीं।

वेस्ट इंडीज के लिये गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 39 रन बनाये, हालांकि यह मेजबान टीम को जीत दिलाने के लिये नाकाफी था। शार्दुल ने भारत के लिये सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। कुलदीप यादव ने दो विकेट लिये, जबकि जयदेव उनादकट को एक सफलता हासिल हुई।

एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेलने उतरी भारतीय टीम को वेस्ट इंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। गिल और किशन की सलामी जोड़ी ने भारत को एक और अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 19.4 ओवर में 143 रन की साझेदारी हुई। किशन ने इस साझेदारी में आक्रामक भूमिका निभाते हुए 64 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 77 रन बनाये। वह यानिक कारिया को बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में स्टंप आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रुतुराज गायकवाड़ बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन इसके बाद आने वाले बल्लेबाज़ों ने निराश नहीं किया। दूसरे वनडे में असफल रहे सैमसन ने गिल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिये 69 रन जोड़े। सैमसन ने मात्र 41 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाकर 51 रन बनाये, हालांकि वह अपना अर्द्धशतक पूरा करते ही पवेलियन लौट गये।

सैमसन ने अर्द्धशतक बनाकर अपने चयन को उचित साबित किया, हालांकि सूर्यकुमार 30 गेंद पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 35 रन ही बना सके। गिल शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन गुडाकेश मोती ने अपनी लेग स्पिन से उन्हें लंबे समय तक छकाया और अंतत: 86 रन पर कैचआउट करवाया। गिल ने 92 गेंद की पारी में 11 चौके जड़े। गिल और सूर्यकुमार के आउट होने के बाद पांड्या ने भारतीय पारी को ज़ोरदार अंत देने की ज़िम्मेदारी ली। पांड्या की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने आखिरी पांच ओवरों में 56 रन जोड़े। कप्तान पांड्या ने खुद 52 गेंद पर चार चौकों और पांच छक्कों की बदौलत नाबाद 70 रन बनाकर अपनी पारी का अंत किया।

वेस्ट इंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने 10 ओवर में 73 रन देकर दो विकेट लिये। अल्ज़ारी जोसेफ़ (10 ओवर, 77 रन), कारिया (आठ ओवर, 58 रन) और मोती (10 ओवर, 38 रन) को एक-एक विकेट हासिल हुआ। जेडेन सील्स आठ ओवर में 75 रन देकर विंडीज के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग पहले ही ओवर में मुकेश का शिकार हो गये, जबकि काइल मेयर्स तीसरे ओवर में मुकेश की गेंद पर बोल्ड होने से पहले केवल चार रन बना सके। पिछले मैच में वेस्ट इंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाने वाले कप्तान शाई होप का विकेट गिरने के साथ विंडीज का स्कोर 17/3 हो गया। ताश के पत्तों की तरह ढहती वेस्ट इंडीज के लिये एलिक अथानाज़, अल्ज़ारी जोसेफ़ और गुडाकेश मोती ने महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अथानाज़ ने 50 गेंद पर तीन चौकों की सहायता से 32 रन बनाये, जबकि जोसेफ़ ने 39 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 26 रन की पारी खेली। मोती 34 गेंद पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि शार्दुल ने जेडेन को बोल्ड कर वेस्ट इंडीज की पारी का अंत किया। भारत-वेस्ट इंडीज अब गुरुवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 शृंखला में आमने-सामने होंगे।

## बतौर गेंदबाजी ऑलराउंडर अपनी भूमिका समझता हूं : शार्दुल

तारोबा, 2 अगस्त। शार्दुल ठाकुर भले ही भारतीय टीम में बतौर ऑलराउंडर अपनी भूमिका बखूबी समझते हों, लेकिन उनका ध्यान लोगों की वाहवाही हासिल करने पर बिल्कुल नहीं है। प्रतिभावान हरफनमौला शार्दुल ने मंगलवार को तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज के चार विकेट चटकाते हुए भारत की 200 रन की विशाल जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने इस सीरीज में 11.62 की औसत से सर्वाधिक आठ विकेट लिये और मात्र 5.31 की इकॉनमी से रन दिये। शार्दुल को इस सीरीज में बल्ले से अपना जौहर दिखाने का मौका नहीं मिला, लेकिन वह जानते हैं कि निचले क्रम में उनकी ज़रूरत कभी भी पड़ सकती है। शार्दुल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में हमारी बल्लेबाजी गहरी रही है। निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले एक ऑलराउंडर के रूप में मेरा काम महत्वपूर्ण हो जाता है। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए या एक अच्छा स्कोर खड़ा करने के लिये अगर आप तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं तो एक या दो विकेट गिर सकते हैं। अगर आपका नंबर आठ और नंबर नौ सेट बल्लेबाज के साथ योगदान दे सकता है, तो इससे मदद मिलती है। इसलिये यह भूमिका महत्वपूर्ण है।''

## मिथुन ने किया उलटफेर, सिंधु, प्रणय भी जीते

सिडनी, 2 अगस्त। भारत के गैर वरीयता प्राप्त शटलर मिथुन मंजूनाथ ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में बुधवार को बड़ा उलटफेर करते हुए सिंगापुर के चौथी सीड कीन यू लोह को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 50वें नंबर पर मौजूद मिथुन ने सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 21-19, 21-19 से मात दी। मिथुन अब अगले दौर में मलेशिया के ली ज़ी जिया का सामना करेंगे।

इस बीच, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने अपने टूर्नामेंट का मज़बूत आगाज़ किया, जबकि आकर्षि कश्यप ने भी अपने से बेहतर रैंकिंग वाली खिलाड़ी को मात दी। इस सीज़न में सात अलग-अलग आयोजनों में पहले दौर में हारने वाली सिंधु ने अपने शुरुआती महिला एकल मैच में हमवतन अश्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18, 21-13 से हराया। पुरुष एकल प्रतियोगिता में, श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18, 21-17 से हराया। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के चियुक यू ली को 21-18, 16-21, 21-15 से मात दी। युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने भी अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाते हुए मेज़बान देश के नेथन टैंग को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरे दौर में प्रणय का मुकाबला चीनी ताइपे के यू जेन ची से होगा, जबकि राजावत और श्रीकांत क्रमश: ताइपे के त्ज़ु वेई वांग और ली यांग सु से भिड़ेंगे। आकर्षि ने मलेशिया की जिन वेई गोह को 21-15, 21-17 से हराया और दूसरे चरण में उनका सामना सिंधु से होगा। इस बीच, लक्ष्य सेन ने चोट के कारण हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ अपना पुरुष एकल मैच छोड़ दिया। सेन शुरुआती गेम में 0-5 से पीछे थे जब उन्होंने मैच छोड़ने का फैसला किया। यह टूर्नामेंट डेनमार्क के कोपेनहेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आखिरी बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट है।

## दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व कप के सुपर-16 में

वेलिंगटन, 2 अगस्त। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को रोमांचक ग्रुप जी मैच में इटली को 3-2 से हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सुपर-16 के लिए क्वालीफाई किया। यह टूर्नामेंट के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका की पहली जीत भी थी। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर अपनी टीम को यह ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए हिल्दाह मगैया (67वां मिनट) और थंबी गाटलाना (90 2) ने एक एक गोल किया। इटली की बेंडेटा ऑर्सी ने एक आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में योगदान दिया। इटली के दोनों गोल एरियाना कारुसो (11वां, 74वां मिनट) ने किए।

कारुसो ने 11वें मिनट में पेनल्टी पर गोल जमाकर इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने जल्द ही लगातार हमलों के जरिए वापसी की। मैच के 32वें मिनट में ऑर्सी के आत्मघाती गोल के बाद दक्षिण अफ्रीका ने हाफ टाइम में बराबरी के साथ प्रवेश किया। दूसरे हाफ में इटली ने वापसी का प्रयास किया, लेकिन एक दर्शनीय बैकपास की सहायता से मगैया अफ्रीकी टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

कारुसो ने 74वें मिनट में गोल जमाकर इटली की कुछ उम्मीदें जगायीं लेकिन संयुक्त प्रयास की बेहतरीन मिसाल कायम करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम क्षणों में गाटलाना के गोल से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका की कोच देसरी एलिस ने भावुक आंखों से कहा, वे योद्धाओं की तरह लड़ीं। वे उन नायिकाओं की तरह लड़ीं जो हम उन्हें मानते हैं। उन्होंने न सिर्फ विश्व कप में हमारी पहली जीत हासिल करके इतिहास रचा है, बल्कि सुपर 16 में पहुंचकर भी इतिहास रचा है जो बेहद आश्चर्यजनक है। नाइजीरिया (1999, 2019, 2023) और कैमरून (2015,2019) के बाद दक्षिण अफ्रीका फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम बन गई है। दिन के अन्य ग्रुप जी मुकाबले में, स्वीडन ने अर्जेंटीना को 2-0 से हराकर ग्रुप की शीर्ष टीम के रूप में सुपर 16 में प्रवेश किया।

# 15वीं विधानसभा के आखिरी सत्र में आखिरी दिन विपक्ष का जोरदार हंगामा

## विपक्ष ने मदन दिलावर की निलंबन वापसी, लाल डायरी और प्रदेश में बढ़ते महिला दुष्कर्म पर चर्चा की मांग की थी

- शोर-शराबे में गुजरा पूरा दिन, सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया।
- भाजपा ''मदन नहीं तो सदन नहीं'' की मांग पर अड़ी रही, सरकार ने पांच बिल 24 मिनट में पारित किये।
- डायरी छीन कर ले जाना गलत, दिलावर ने कुछ गलत नहीं किया: राजेन्द्र राठौड़

जयपुर, 2 अगस्त (वि.सं.)। प्रदेश में बढ़ते महिला दुष्कर्म मामलों, लाल डायरी पर चर्चा और भाजपा विधायक मदन दिलावर की निलंबन वापसी की मांग को लेकर 15वीं विधानसभा के आखिरी सत्र के आखिरी दिन विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने सदन की परंपराओं का वास्ता देकर प्रश्नकाल तो पूरा करवा लिया, लेकिन, शून्यकाल हंगामे में निकला। सदन को दो बार स्थगित करना पड़ा और आखिर में हंगामे के बीच, मात्र 24 मिनट में ही पांच बिल पारित करवाकर सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान मदन दिलावर और राजेन्द्र गुढ़ा का निलंबन रद्द नहीं हुआ और दोनों ही विधानसभा से निलम्बित रहेंगे।

प्रश्नकाल शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने विधायक मदन दिलावर के निलंबन का मामला उठाते हुए अपनी बात रखनी चाही, तो अध्यक्ष जोशी ने यह कहकर मना कर दिया कि, शून्यकाल में आपको अपनी बात रखने का मौका दिया जायेगा। इस पर भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए वैल में आ गये तो अध्यक्ष ने सदन की परंपराओं का हवाला देकर उन्हें यह आश्वासन दिया कि शून्यकाल में उन्हें अपनी बात कहने का पूरा मौका मिलेगा। फिर भाजपा विधायकों ने प्रश्नकाल पूरा होने दिया।

बाद में जैसे ही शून्यकाल शुरू हुआ तो व्यवस्थाएं देने के बाद अध्यक्ष ने राजेन्द्र राठौड़ को अपनी बात कहने को कहा। राजेंद्र राठौड़ ने भाजपा विधायक मदन दिलावर के निलंबन को वापस लेने की मांग करते हुए लाल डायरी को लेकर उठ रहे सवालों का जिक्र किया। जब उन्होंने कांग्रेस विधायकों पर लाल डायरी छीनने का आरोप लगाया तो हंगामा हो गया। संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल, जलदाय मंत्री महेश जोशी, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व अन्य कांग्रेस विधायकों ने राठौड़ द्वारा मामला उठाते ही कड़ी आपत्ति की। इसके बाद सदन पहली बार 12 बजकर 09 मिनट पर आधे घंटे के लिये स्थगित कर दिया गया। दूसरी बार सदन 12.39 बजे शुरू हुआ तो स्थगन प्रस्तावों पर चर्चा चलती रही लेकिन भाजपा विधायक वैल में ही नारेबाजी करते रहे। काफी देर तक नारेबाजी हुई तो अध्यक्ष ने दोबारा सदन की कार्यवाही 1.02 बजे स्थगित कर दी। इसके बाद सदन 1.32 बजे फिर शुरू हुआ तो हंगामे के बीच 24 मिनट में ही पांच विधेयक पास करवा लिये गये और 1.56 बजे सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

शून्यकाल में अध्यक्ष जोशी से बोलने की अनुमति मिलने के बाद राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि, 21 जुलाई को जब मणिपुर की घटना के जिक्र पर हम एन.सी.आर.बी. (नैशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो) के आंकड़ों पर बात करते हुए सरकार से जवाब मांग रहे थे, उसी समय तत्कालीन राज्यमंत्री राजेन्द्र गुढ़ा उठे, उन्होंने राजस्थान की आज की स्थिति में बलात्कार के मामलों को लेकर सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, हालात ठीक नहीं हैं, उनको बर्खास्त किया, यह आपका मामला है। मंत्री परिषद में मुख्यमंत्री किसको रखेंगे, यह उनका विवेकाधिकार है। तत्कालीन राज्य मंत्री ने जब लाल डायरी सदन में टेबल करनी चाही तो सदन में गुस्से का वातावरण बना। सत्ता पक्ष के दोनों गुटों में जिस तरह का झगड़ा हुआ, उसमें रामगंज मंडी से आने वाले विधायक मदन दिलावर वैल में आए थे। लेकिन, उनका ऐसा कोई कृत्य नहीं था कि उन्हें निलंबित किया जाता। आखिरी सत्र है, इसका हम गरिमापूर्ण समापन करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि, हम आपके साथ फोटोग्राफ में भी रहें। एक सदस्य, जिसका कोई कसूर नहीं है, उसका इस प्रकार निलंबन उचित नहीं है।

# अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटी

मुंबई, 2 अगस्त (वार्ता)। फिच के अमेरिका की साख रेटिंग घटाने से वैश्विक बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 676.53 अंक अर्थात् 1.02 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह बाद 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65,782.78 अंक पर आ गया। इससे पहले यह इस वर्ष 13 जुलाई को 65, 558.89 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 207 अंक यानी 1.05 प्रतिशत लुढ़क कर 19,526.55 अंक पर रहा। बीएसई की दिग्गज कम्पनियों की तरह मझौली और छोटी कम्पनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिड कैप 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 29,926.19 अंक पर आ गया।

- यह खबर आते ही भारतीय शेयर बाजार में हड़कम्प की स्थिति बन गई।

## मोदी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जनगणना का विरोध करती आ रही है क्योंकि उसका मानना है कि इससे पार्टी द्वारा ओ.बी.सी. समुदाय के साथ सुविचारित रूप से बनाये गये समीकरण बिगड़ जायेंगे।

# गौरव गोगोई राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष बने

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना की स्क्रीनिंग कमेटी घोषित की।
- मध्य प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन जितेन्द्र सिंह को बनाया गया है।

जयपुर, 2 अगस्त (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव 2023 के लिए राजस्थान और मध्यप्रदेश के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की घोषणा कर दी है। राजस्थान में सांसद गौरव गोगोई को स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। उनके साथ गणेश गोदियाल और अभिषेक दत्त को सदस्य बनाया गया है।

राजस्थान की स्क्रीनिंग कमेटी में इन तीनों के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, विधायक सचिन पायलट सहित तीनों सह प्रभारी, काजी निज़ामुद्दीन. वीरेंद्र सिंह राठौड़ और अमृता धवन को भी सदस्य बनाया गया है।

इसी के साथ मध्यप्रदेश के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का ऐलान करते हुए जितेन्द्र सिंह को स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। वहीं, अजय कुमार लल्लू और सप्तगिरि इलाका को सदस्य बनाया गया है।

इन्हीं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, विधायक दल के नेता गोविंद सिंह, मध्य प्रदेश के प्रभारी जे.पी. अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कैम्पेन कमेटी के अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया, कमलेश्वर पटेल सहित सह प्रभारियों को सदस्य बनाया गया है।

इसी के साथ छत्तीसगढ़ के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष अजय माकन को बनाया गया है। वही उनके साथ डॉ एल हनुमंथप्पा और महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा को सदस्य बनाया गया। वहीं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव और सह प्रभारियों को सदस्य बनाया गया है।

के. मुरलीधरण को तेलंगाना की स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ बाबा सिद्दीकी और जिग्नेश मेवानी को सदस्य बनाया गया है।

इसी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंथ रेड्डी, सीएलपी लीडर मल्लू भट्टी विक्रमर्का, प्रभारी मानिकराव ठाकरे, सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी और सह प्रभारियों को सदस्य बनाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली के प्रशासन को विहिप-बजरंग दल की रैली में कोई ''हेट स्पीच'' नहीं होने की बात सुनिश्चित करने का आदेश दिया और सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध करने को कहा।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि ''हमें उम्मीद है और भरोसा भी, कि राज्य पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी समुदाय के खिलाफ ''हेट स्पीच'' ना हो, ना ही किसी समुदाय के खिलाफ हिंसा हो व उनकी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जाए।

जहां भी जरूरी हो अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया जाए। सी.सी.टी.वी. कैमरा का इस्तेमाल हो, संवेदनशील क्षेत्रों में वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए। सी.सी.टी.वी. की फुटेज सुरक्षित रखी जाए।''

## 'लोकसभाध्यक्ष ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 आज लोकसभा में चर्चा और पारित होने के लिए तय था लेकिन स्थगन के कारण इस पर चर्चा और मतदान नहीं हो सके। इससे भाजपा का व्हिप बेअसर हो गया।

चैनल पर समाचार ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि बिड़ला मंगलवार को लोकसभा में विधेयक पारित होने से पहले विपक्ष और सरकार दोनों से नाराज़ थे।

सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष सदन की गरिमा को उच्चतम रखता है और सदस्यों से भी कार्यवाही के दौरान शालीनता चाहता है।

विपक्ष और सरकार दोनों को बता दिया गया है कि 20 जुलाई को मानसून सत्र आरंभ होने के बाद से लगातार हो रहे व्यवधान से अध्यक्ष नाराज़ हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि अध्यक्ष संसदीय गरिमा का संरक्षक होता है और उसे अधिकार है कि प्रधानमंत्री को वक्तव्य देने के लिए बाध्य कर सके। विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को वैधानिक 10 दिनों के अंतिम दिन चर्चा में लेने और महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित होने देने से अध्यक्ष की स्थिति और भूमिका सही नज़र नहीं आती।

इसलिए विशेषज्ञ इस खबर को गंभीरता से नहीं ले रहे क्योंकि जितना दिखाई देता है उससे कुछ ज्यादा है।

## रेल्वे का नया ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन (आई.आर.सी.टी.सी.) अगले दिन ऑटोमैटिक रिफंड प्रक्रिया शुरु हो जाती है।

रिफंड राशि उसी पेमैन्ट गेटवे/बैंक के जरिय दी जाती है, जिसके माध्यम से राशि प्राप्त थी। सामान्यत: ट्रांजेक्शन मोड के अनुरूप, रिफंड प्रक्रिया में बैंक को कुछ समय लगता है।

नैट बैंकिंग/वालेट/कैश कार्ड ट्रांजेक्शन में 3-4 कार्य दिवस का समय लगता है।

मंत्री ने यात्रियों से यह भी अनुरोध किया कि वे मोबाइल ऐप तथा ''बुक नाउ, पे लैटर (बुकिंग अभी, पैसा बाद में) या ई.एम.आई. से भुगतान के विकल्प का लाभ उठाएं।

# 'अगर माफी ही मांगनी होती तो बहुत पहले ही मांग लेता'

- सुप्रीम कोर्ट में राहुल गांधी ने यह बात कहकर स्पष्ट कर दिया कि, मोदी सरनेम टिप्पणी पर मानहानि मामले में संसद की सीट खोने के बाद भी राहुल गांधी झुकने को तैयार नहीं हैं।
- सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे में राहुल गांधी ने कहा कि, वे इस अपराध के लिए दोषी नहीं हैं। और अगर उन्हें माफी मांगनी ही होती तो बहुत पहले ही मांग लेते।

नई दिल्ली, 2 अगस्त। ऐसा लगता है कि, मोदी उपनाम टिप्पणी पर मानहानि का मामले में सांसदी जाने के बाद भी राहुल गांधी झुकने को तैयार नहीं हैं। राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने हमेशा कहा है कि वह इस अपराध के लिए दोषी नहीं हैं और दोषसिद्धि टिकाऊ नहीं है और अगर उन्हें माफ़ी मांगनी होती और अपराध को कम करना होता, तो उन्होंने बहुत पहले ही ऐसा कर लिया होता।

मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी अपनी सांसदी पहले ही गंवा चुके हैं। अब वो फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे में राहुल गांधी ने कहा कि वह इस अपराध के लिए दोषी नहीं हैं। और अगर उन्हें माफी मांगनी ही होती तो बहुत पहले ही मांग लेते। मामले में शिकायतकर्ता और गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश ईश्वरभाई मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपने जवाब में गांधी के लिए अहंकारी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। कहा कि उन्होंने माफी मांगने को तैयार नहीं हैं।

राहुल गांधी के हलफनामे में कहा गया है कि बिना किसी गलती के माफी मांगने का कोई मतलब नहीं बनता है। जन प्रतिनिधित्व होने के नाते उन्होंने एक रैली में ऐसा बयान दिया था। उनके खिलाफ इस मामले में जो फैसला लिया गया वह न्यायिक प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और इस न्यायालय द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि 13 अप्रैल 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी ने नीरज मोदी का जिक्र करते हुए कहा था कि सारे मोदी चोर क्यों हैं? इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने गुजरात की एक अदालत में अपील दायर की थी। जिसमें अदालत ने राहुल गांधी को दो साल कैद की सजा सुनाई।

# 20 यूनिवर्सिटी फर्जी घोषित

नई दिल्ली, 2 अगस्त। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बुधवार को 20 विश्वविद्यालयों को फर्जी घोषित कर दिया। ऐसे में उन्हें कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं है। दिल्ली में ऐसे सबसे अधिक आठ संस्थान हैं। यूजीसी के इस कदम का उद्देश्य छात्रों को गैर-मान्यता प्राप्त और धोखाधड़ी वाले संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करने के जाल में फंसने से बचाना है। छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए नामांकन से पहले विश्वविद्यालयों की मान्यता को सत्यापित करना महत्वपूर्ण है। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने बताया कि आयोग के संज्ञान में आया है कि कई संस्थान यूजीसी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत डिग्री प्रदान कर रहे हैं। ऐसे विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डिग्री न तो मान्यता प्राप्त होगी और न ही उच्च शिक्षा या रोजगार के उद्देश्य से मान्य होगी। उन्होंने कहा कि ये विश्वविद्यालय नहीं हैं और इन्हें कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार है।

# 'भाजपा के प्रदर्शन से हाई कोर्ट की कार्यवाही बहुत बाधित हुई'

## हाई कोर्ट ने पुलिस के आला अधिकारियों को तलब किया, इस व्यवस्था के लिये

- हाई कोर्ट गुरूवार को कोर्ट शुरू होते ही, इस मामले को लेगी।

जयपुर, 2 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने, मंगलवार को भाजपा के सचिवालय घेराव के दौरान शहर में घंटों लगे जाम के कारण हाईकोर्ट की कार्यवाही बाधित होने पर नाराजगी जताई है। अदालत ने इस मामले में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए इस अव्यवस्था के लिये पुलिस के आला अधिकारियों को यह तलब किया। जस्टिस समीर जैन ने बुधवार को यह आदेश देते हुए मामले की सुनवाई गुरुवार को तय की है। हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई कोर्ट शुरू होते ही लेगा।

इस मामले में अधिवक्ता सुनील नाथ को न्यायमित्र बनाया गया है। सरकार की ओर से अधिवक्ता आर.पी.सिंह अदालत में पैरवी के लिये पेश हुए। सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में पुलिस के आला अधिकारी अदालत में हाजिर हुए। अदालत ने अधिकारियों से बीच शहर रैली निकालने की अनुमति के बारे में जानकारी मांगी।

अदालत ने पूछा कि, संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने के आदेश देते हुए स्वप्रेरणा से अवमानना का प्रसंज्ञान क्यों न लिया जाए?

अदालत ने कहा कि, शहर के बीच रैली नहीं निकाली जा सकती क्योंकि जाम के कारण लोग कई घंटों तक सड़कों पर फंसे रहे और इससे हाईकोर्ट की कार्यवाही बाधित हुई। बच्चों को स्कूल से घर पहुंचने के लिए दो घंटे का इंतजार करना पड़ा।

अदालत ने कहा कि, हाईकोर्ट के साथ ही सुप्रीम कोर्ट पूर्व में तय कर चुका है कि, आम रास्ते पर जाम नहीं लगाया जा सकता। इसके बावजूद भी रैली के लिए अनुमति दी गई। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई गुरुवार को रखी है।

# अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जी.एस.टी लगेगी

नयी दिल्ली, 2 अगस्त (वार्ता)। ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवार कर (जीएसटी) लगाये जाने के निर्णय में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह निर्णय एक अक्टूबर से प्रभावी हो सकता है क्योंकि सरकार इससे संबंधित संशोधन को मानसून सत्र में ही संसद से पारित करा सकती है।

जीएसटी परिषद की आज हुयी 51वीं बैठक के बाद परिषद की अध्यक्ष एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी और कहा कि इससे संबंधित संशोधन को केन्द्रीय जीएसटी कानून में सम्माहित किया जायेगा और इसे मानसून सत्र में ही पारित कराने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जीएसटी कानून में संशोधन के बाद राज्यों को अपने यहां भी इस कानून को राज्य जीएसटी कानून में संशोधन करना होगा और इससे संबंधित विधेयक को पारित होने के बाद ही लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके प्रभावी होने पर छह महीने तक इसकी समीक्षा की जायेगी और उसके बाद यदि जरूरत हुआ तो इसमें संशोधन किया जा सकता है।

- जी.एस.टी. काउन्सिल की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर 28 प्रतिशत जी.एस.टी. लागू करने के फैसले पर सहमति बनी

## मणिपुर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मणिपुर पर चर्चा करवाने के लिए प्रस्ताव भी रद्द कर दिये और कहा कि मीडिया ने गलत जानकारी दी है कि वे इस पर चर्चा के लिए सिर्फ ढाई घंटे देंगे। उन्होंने कहा चर्चा के लिए समय की सीमा नहीं है।

# 'बिना हिसाब-किताब किए रेवड़ियाँ बांट रही है कांग्रेस, ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रही है: ''कांग्रेस ने इस बात की जानकारी के बिना, उतावलेपन में वादे कर दिये थे कि इन गारंटियों के लिये पैसा कहाँ से आयेगा, तथा सरकार बनने के बाद चन्द सप्ताहों में ही राज्य की अर्थव्यवस्था को अव्यवस्था की स्थिति में पहुँचा दिया।''

संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुये कहा, ''सत्ता की भूखी कांग्रेस के पास न तो उसके द्वारा किये गये वादों के लिये पैसा है और न विकास के लिये। उपमुख्यमंत्री द्वारा यह स्वीकार किया जाना दर्शाता है कि यह सरकार दृष्टिविहीन एवं गैर जिम्मेदार है।''

पूर्व मुख्यमंत्री बासवराजह बोम्मई ने शिवकुमार के स्वीकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये और भी ज्यादा तीखे प्रहार किये तथा कहा कि राज्य का भविष्य खराब है। उन्होंने कहा, ''विकास के बिना, राज्य दो साल तक परेशानी उठायेगा, दो साल तक विकास-कार्य न होने स राज्य दस साल पीछे चला जायेगा। कांग्रेस के अंदर भी इस बात को लेकर अंदरूनी तू-तू, मैं-मैं हो रही है।'' भाजपा नेता, अपनी पराजय के बाद से ही, मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री के बीच जबरदस्त मतभेदों के चलते, कांग्रेस सरकार के गिरने की भविष्यवाणियाँ करते आ रहे हैं। चुनाव से पहले, ये दोनों एक हो गये थे तथा उनकी एकता के परिणाम कांग्रेस के हित में रहे थे।

कांग्रेस कर्नाटक सरकार के कार्यों की महत्ता को अच्छी तरह समझती है क्योंकि वह आम चुनावों से पहले सरकार के काम सबके आगे रखना चाहती है। यही कारण है कि भाजपा के प्रहार इतनी तेजी एवं कठोरता लिये हुये हैं।

साफ बात यह है कि भाजपा कांग्रेस पर ये तीखे हमले ऐसे समय पर कर रही है, जब कांग्रेसी विधायक इस बात से दुखी हैं कि उनके चुनाव क्षेत्रों में विकास करने के लिये सरकार के पास पैसा नहीं है।

सच तो यह है कि कांग्रेस के बहुत से विधायकों ने इस बात की शिकायत भी की है तथा दिल्ली का कांग्रेस नेतृत्व को उनकी अप्रसन्नता की जानकारी है।

कांग्रेस कर्नाटक में अच्छा प्रदर्शन करने के महत्व को अच्छी तरह जानती है। वस्तुत: कर्नाटक सरकार का सुशासन या असफलता लोकसभा के आम चुनावों में इस राज्य के लिय ही नहीं, अन्य राज्यों के लिये भी बहुत महत्वपूर्ण होगी।

यही कारण है कि कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व भी कर्नाटक की पार्टी राजनीति में कुछ फेरबदल करने पर विचार कर रही है। सूत्रों का कहना है कि कर्नाटक के दो मंत्रियों को लोकसभा चुनावों में खड़ा किया जा सकता है।

कर्नाटक के नेता, जिनमें मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया भी शामिल हैं, लोकसभा चुनावों के बारे में चर्चा करने के लिये दिल्ली आये हुये हैं। राज्य के कुछ नेताओं, जिनमें राज्य के कुछ मंत्री भी शामिल हैं, को लोकसभा चुनाव में खड़ा किया जा सकता है।

# फर्जी लैब्स के कारण पनप रहा है...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तथा राज्य सरकार दोनों कानून कायदे बना सकते हैं। और बजट भी आवंटित कर सकते हैं। वर्तमान स्थिति में क्लीनिकल एस्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत केन्द्र सरकार लैब्स के संचालन के लिए न्यूनतम मानक तो तय कर सकता है परंतु इन लैब्स को पंजीकृत करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की ही है। इसलिए राज्य सरकार का कहना कि उन्हें क्लीनिकल एस्टैबलिशमेंट एक्ट, जो वो स्वयं 2013 में पारित कर चुकी है, कि क्रियान्विति के लिए केन्द्र से बजट की आवश्यकता है, अपनी जिम्मेदारियों को नकारने के बराबर है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान हाई कोर्ट ने अवैध मैडिकल लैब्स के संचालन को रोकने और लैब्स का रेगूलेशन करने पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कई आदेश भी पारित किए थे। फिर 2020 में केंद्र सरकार द्वारा लैब्स के मानक तय किए जाने के बाद हाई कोर्ट ने यह कहते हुए इस मामले का निस्तारण कर दिया कि उक्त लैब्स के रेगूलेशन के लिए नियम कायदे कानून तय कर दिए गए हैं परंतु कानून में त्रुटियां या उसकी अवहेलना की शिकायत हो तो कोई भी याचिकाकर्ता अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि ना केवल राजस्थान हाई कोर्ट में बल्कि दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य हाई कोर्ट में भी अवैध लैब्स को बंद कराने से संबंधित मामले चल रहे हैं परंतु इन मामलों पर सुनवाई बहुत कम बार हुई है। इससे यह भी साफ जाहिर होता है कि अवैध लैबों का तंत्र देश के हर प्रदेश में फैला हुआ है।

परंतु राज्य सरकार को लैब्स के पंजीयन नहीं करने की जिम्मेदारी से दोष मुक्त नहीं किया जा सकता। प्रदेश के बड़े-बड़े अस्पतालों और लोब्स में कार्यरत डॉक्टरों का कहना है कि प्रदेश में अवैध रूप से करीब दस हजार से पन्द्रह हजार मैडिकल लैब हैं। इनमें से ज्यादातर तो सैम्पल 'कलैक्शन सैंटर' मात्र हैं जिनके पास ना तो कोई स्टाफ है और ना ही कोई मशीने, जिससे टैस्ट किया जा सके। यहां से केवल 'फर्जी रिपोर्ट' ही जारी की जाती है।

भामाशाह योजना के तहत बीमा योजना का कवर 10 लाख रूपये तक है, जैसा कि विदित है की भामाशाह योजना को न्यू इंडिया अश्योरेंस द्वारा कवर किया जाता था। उल्लेखनीय है कि भामाशाह योजना के तहत कवर देने का अनुबंधन न्यू इंडिया अश्योरेंस के साथ खत्म कर दिया गया है। इस अनुबंधन को हटाने के कई कारण हो सकते हैं जैसे की न्यू इंडिया अश्योरेंस को हुआ भारी घाटा क्योंकि इस योजना में एक निहित खामी यह भी है की फ्री इलाज और फ्री दवाईयों के दौर में अस्पतालों ने मरीज़ों को अनुचित व अनावश्यक टैस्ट व इलाज कराने का प्रोत्साहन भी दिया। परंतु मुख्यमंत्री गहलोत ने यह आरोप लगाया था कि इस योजना के तहत 2600 करोड़ का घोटाला हुआ था।


यह खोज खबर मुख्यमंत्री के इस दावे की पुष्टि नहीं करती है कि प्रदेश में 2600 करोड़ का घोटाला हुआ था या हो रहा है। परंतु यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री ने केवल योजना का नाम बदलकर, उसके अंतर्गत कवर की राशि बढ़ाई है, पर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये।

दरहसल चिरंजीवी जैसी योजना, जिनकी 80 प्रतिशत फंडिंग केन्द्र सरकार व उसकी न्यू इंडिया इंश्योरेंस एजेंसी करती है, कार्ड होल्डर द्वारा तभी उपयोग में लाई जा सकती है जब वह अस्पताल में दाखिला ले चुके हो। परंतु अस्पताल के दाखिले के पूर्व सारे मैडिकल टैस्ट या जांच मैडिकल लैब्स में ही की जाती है और इन्हीं मैडिकल रिपोर्ट की तर्ज पर इलाज व उसका इंश्योरेंस क्लेम बनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि सरकारी कर्मचारी व अफसर अपनी मैडिकल जांच का भुगतान ''राजस्थान गर्वमेंट हैल्थ स्कीम'' (आर.जी.एच.एस.) के द्वारा करवा सकते हैं। पर यहां भी हैरानी की बात यह है कि आर.जी.एच.एस. स्कीम के तहत कई प्राईवेट व सरकारी अस्पताल इम्पैनल तो किए गए हैं परंतु कोई भी मैडिकल लैब इम्पैनल नहीं की गई है।

केन्द्र सरकार की सेंट्रल गवरमेंट हैल्थ स्कीम (सी.जी.एच.एस.) या सेना की समानान्तर हैल्थ सेवा के अंर्तगत मैडिकल लैब्स को इम्पैनल किया गया है ताकि इन दोनों स्कीम के तहत लाभ उठाने के लिए इम्पैनल्ड लैब से ही टैस्ट करा सके।

दरहसल छोटे जिलों या शहरों में ऐसे कई अस्पताल होते हैं, जहां सभी तरीके के टैस्ट उपलब्ध नहीं होते, इसलिए लैब्स की आवश्यकता होती है, जहां वे टैस्ट करवाएं जा सके जो अस्पतालों में नहीं होते हैं। किसी भी छोटे या बड़े अस्पताल को जटिल या महंगे टैस्ट, जो आमतौर पर उस अस्पताल के परिसर के अंदर उपलब्ध नहीं होते, उसे वह टैस्ट बाहर से कराने के लिए सरकारी समिति से स्वीकृति लेनी पड़ती है। परंतु डॉक्टरों के अनुसार यह प्रक्रिया जटिल है और भ्रष्टाचार से पूर्ण है। सूत्रों के अनुसार इस जटिलता, भ्रष्टाचार और भुगतान में अनिमयताओं कई बड़े अस्पताल, जैसे फोर्टस, आर.जी.एच.एस.स्कीम के अंर्तगत आने वाले मरीजों को पांच दिन से अधिक अवधि तक भर्ती देना बंद कर दिया। क्योंकि राज्य सरकार समय पर क्लेम का भुगतान नहीं कर रही थी।

आर.जी.एच.एस. के तहत सरकार ने नर्सिंग होम का इम्पैनलमैंट कर रखा है जबकि इनका ना तो पंजीकरण है और ना ही न्यूनतम मानक बने हैं। हमें कई डॉक्टरों ने बताया कि आर.जी.एच.एस. के अंर्तगत आने वाले मरीजों के आवश्यकता से अधिक टैस्ट लिख देते हैं जिनकी जांच या तो अस्पताल में उपलब्ध ही नहीं होती या कराई नहीं जाती, परंतु फिर भी अस्पताल सरकार से भुगतान ऐंठ लेते हैं।



राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम

मिनि स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी, जयपुर (दूरभाष नं. 0141-2605858)

क्रमांक सामान्य/एफ-95(4)/2019/13 दिनांक 01.08.2019

PROVISIONAL CERTIFICATE

FOR LAB REGISTRATION OF CLINICAL ESTABLISHMENT

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नैदानिक स्थापन का नाम:- | Care and Cure Laboratory and Invitro Allergy testing |
| 2 | पता:- | 68 गंगवाल पार्क जयपुर |
| 3 | नैदानिक स्थापन स्वामी का नाम:- | श्री निरंजन सिंह नरूका |
| 4 | भारसाधक व्यक्ति का नाम:- | — |
| 5 | औषध की पद्धति:- | — |
| 6 | स्थापन का प्रकार:- | लैबोरेटरी |

को नैदानिक स्थापन(रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम 2010 ओर तदधीन बने नियमों के अधीन इसके द्वारा अनंतिम रूप से रजिस्ट्रीकृत किया जाता है।

यह प्राधिकार नैदानिक स्थापन(रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम 2010 ओर तदधीन बने नियमों के अधीन प्रवृत नियमों में यथा-विनिर्दिष्ट शर्तो के अध्यधीन है।

नोट:- यह प्रमाण पत्र दिनांक 01.08.2019 से 31.07.2020 तक वैध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम
जयपुर दिनांक 01.08.2019

*उक्त दस्तावेज में देखा जा सकता है कि जयपुर ज़ोन- प्रथम में सी.एम.एच.ओ. द्वारा एक लैब का अस्थायी पंजीकरण किया गया है, परंतु लैब में कार्यरत ''भारसाधक व्यक्ति'' और औषध की पद्धति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब प्रशासनिक अधिकारी इस लैब की जांच करेंगे तो वह रिक्त छोड़ी गई जानकारी का सत्यापन कैसे करेंगे? उक्त लैब का अस्थायी पंजीकरण होने के बाद से जयपुर प्रथम के सी.एम.एच.ओ. कई बार बदले जा चुके हैं इसलिए इस संबंध में किस अधिकारी से सवाल पूछा जाए यह भी स्पष्ट नहीं है।*

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908